* ओड़िशा संस्करण

17 सितंबर, 2023
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 328

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं

### शुभकामनाएं

भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सभी पाठकों, हॉकर बंधुओं, विज्ञापनदाताओं, एजेंटों, शुभचिंतकों, झारखंड और समस्त देशवासियों को आजाद सिपाही परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

\- प्रबंधक

### अवकाश की सूचना

भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 17 सितंबर 2023 को आजाद सिपाही कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 19 सितंबर 2023 को प्रकाशित होगा।

\- प्रबंधक

### न्यूज रील्स

#### स्लीपर वंदे भारत ट्रेन मार्च से शुरू होगी

नयी दिल्ली। वंदे भारत ट्रेन में अगले साल मार्च तक स्लीपर कोच लगाने की तैयारी है। देश में अभी चेयरकार सुविधा वाली वंदे भारत चल रही है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के जनरल मैनेजर बीजी माल्या ने शनिवार 16 सितंबर को बताया कि इसी फाइनेंशियल इयर के दौरान वंदे का स्लीपर वर्जन लांच किया जायेगा। साथ ही वंदे मेट्रो भी इसी फाइनेंशियल इयर में लांच की जा सकती है।

#### अनंतनाग एनकाउंटर के पांचवें दिन एक आतंकी ढेर

श्रीनगर। कश्मीर में अनंतनाग के गडूल कोकेरनाग में शनिवार को सुरक्षा बलों ने एक आतंकी को मार गिराया। यहां सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच 12 सितंबर यानी पांच दिनों से मुठभेड़ जारी है। गडूल में बारिश के बीच दोनों तरफ से फायरिंग चल रही है। सुरक्षा बलों के मुताबिक, यहां एक और आतंकी के छिपे होने की आशंका है। सेना यहां भी ड्रोन के जरिए इलाके की निगरानी कर रही है।

# पीएम मोदी आज विश्वकर्मा योजना का करेंगे शुभारंभ

- मोदी का आज जन्मदिन, यशोभूमि का उद्घाटन और आयुष्मान भवः योजना की आज शुरुआत
- 18-19 सितंबर होंगी संसदीय इतिहास के लिए बदलाव की दो तारीखें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश की सियासत में आनेवाले तीन दिन काफी खास होनेवाले हैं। इसकी शुरुआत 17 सितंबर से हो जायेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपना 73वां जन्मदिन मनायेंगे। इसी दिन केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत होगी। इसके बाद 18 और 19 सितंबर देश के लोकतंत्र के लिए बेहद खास होंगे। 18 को विशेष सत्र बुलाया गया है और 19 सितंबर को संसद नये भवन में शिफ्ट हो जायेगी।

**जन्मदिन पर विश्वकर्मा योजना की लांचिंग:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार को जन्मदिन है। गुजरात के वडनगर में 17 सितंबर 1950 को जन्मे पीएम मोदी 73 साल के हो जायेंगे। इसी दिन विश्वकर्मा जयंती भी है। इस मौके पर पीएम विश्वकर्मा योजना को लांच किया जायेगा। यह योजना पारंपरिक कौशल वाले लोगों के लिए होगी। सरकार 13 हजार से 15 हजार करोड़ रुपये के आवंटन के साथ विश्वकर्मा योजना की शुरुआत करेगी। गांव, शहरों में कारीगर हैं, जो अपने हाथ के कौशल से जीवन यापन करते हैं। यह योजना विशेष रूप से इन्हीं लोगों जैसे नाई, धोबी, सुतार, राजमिस्त्री आदि पारंपरिक कौशल कार्य करनेवाले लोगों और रेहड़ी-पटरी वालों के लिए लायी गयी है। प्रधानमंत्री ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में कहा था कि आज के विश्वकर्मा, कल के उद्यमी बन सकते हैं।

**आयुष्मान भव कार्यक्रम का भी आगाज :** केंद्र सरकार 17 सितंबर को ही आयुष्मान भव कार्यक्रम शुरू करनेवाली है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया के मुताबिक स्वास्थ्य मंत्रालय अंतिम छोर पर मौजूद व्यक्तियों सहित हर वांक्षित लाभार्थी तक सभी सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं को पहुंचाने के लिए आयुष्मान भव नामक कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान शिविर लगाये जायेंगे और 60,000 लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड दिये जायेंगे।

### तीन दिन, तीन सुर्खियां

**17 सितंबर**



- पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत होगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 73 साल के हो जायेंगे।

**18 सितंबर**



- संसद के विशेष सत्र का आगाम होगा।
- पुराने भवन में आखिरी बार सदन का कामकाज।

**19 सितंबर**



- गणेश चतुर्थी
- नये संसद भवन में पहली बार सदन की कार्यवाही होगी।

### यशोभूमि का होगा उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को नयी दिल्ली के द्वारका में यशोभूमि के पहले पार्ट का उद्घाटन करेंगे। इसे 5400 करोड़ रुपये में बनाया गया है। यह कन्वेंशन सेंटर 8.9 लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैला है और दुनिया के सबसे बड़े एमआइसीइ स्थानों में से एक होगा। यशोभूमि में एक शानदार कन्वेंशन सेंटर, कई प्रदर्शनी हॉल और अन्य सुविधाएं हैं। इसे जी 20 थीम से डिजाइन किया गया है। इसके सीलिंग ब्लू कलर से डिजाइन किया गया है। सेंटर में बने हॉल में एक साथ 11000 से अधिक लोग बैठ सकते हैं। यहां 15 कन्वेंशन रूम, ग्रैंड बॉलरूम और 13 मीटिंग रूम शामिल हैं। यशोभूमि को दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन से जोड़ा जायेगा।

### 19 को संसद नये भवन में

सोमवार से संसद का विशेष सत्र शुरू हो रहा है। सरकार ने संसद के विशेष सत्र का एजेंडा भी जारी कर दिया है। इसके तहत सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संविधान सभा से शुरू होनेवाली 75 साल की संसदीय यात्रा पर चर्चा की जायेगी। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक संविधान सभा से लेकर आज तक संसद की 75 वर्षों की यात्रा, उपलब्धियों, अनुभवों, स्मृतियों और सीख पर चर्चा के अलावा चार विधेयक भी सूचीबद्ध किये गये हैं। संसद की यह कार्यवाही मौजूदा संसद भवन में होगी। मौजूदा संसद भवन में यह आखिरी बैठक होगी। दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से सदन की कार्यवाही नये संसद भवन में होगी, जो 22 सितंबर तक चलेगी।

# दो महीने में जारी करें असिस्टेंट टाउन प्लानर का रिजल्ट: हाइकोर्ट

- कोर्ट ने जेपीएससी को दिया आदेश, 186 अभ्यर्थियों की जायेगी उम्मीदवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेपीएससी की ओर से की जा रही असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति को लेकर झारखंड हाइकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने आदेश देते हुए कहा है कि झारखंड लोक सेवा आयोग अगले दो महीने में असिस्टेंट टाउन प्लानर का रिजल्ट जारी करे। यह आदेश हाइकोर्ट की एकल पीठ ने सुनवाई करते हुए दिया है। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को उन्होंने फैसला सुनाया।

**क्या है फैसला :** झारखंड हाइकोर्ट की ओर से सुनाये गये फैसले के मुताबिक अदालत ने विवेक हर्षल, स्वप्निल मयूरेश और अन्य की याचिका को स्वीकार कर लिया। वहीं जेपीएससी को वैसे सभी 186 अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद्द करने को कहा है, जिनके पास आवेदन करने की तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट नहीं था, पर उन्हें साक्षात्कार के लिए बुला लिया गया था। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर का सर्टिफिकेट था, उनकी नियुक्ति के लिए नया पैनल बना कर दो माह में फ्रेश रिजल्ट जारी करें।

**क्या थी अभ्यर्थियों की याचिका :** असिस्टेंट टाउन प्लानर पद पर नियुक्ति के उम्मीदवार विवेक हर्षल, स्वप्निल मयूरेश और अन्य ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दाखिल कर कहा था कि 26 ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए हैं, जिनके पास विज्ञापन में फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर (इंडिया) में पंजीयन का प्रमाण पत्र नहीं है। विज्ञापन में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। नियुक्ति प्रक्रिया के बीच में विज्ञापन की शर्तों में बदलाव नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इनकी परीक्षा रद्द की जाये। इस मामले में अपीलकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता सिद्धार्थ रंजन, शिप्रा शालिनी ने पैरवी की थी, जबकि जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने पैरवी की।




### यह भी जानें

इसी मामले में एक रिट याचिका दायर की गयी थी, जिसकी पैरवी अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने की। यह याचिका कुमार चेतन ने दायर की थी, जिसमें उसने बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट 10 अगस्त 2020 पहले का है। कई अभ्यर्थियों के पास सर्टिफिकेट फॉर्म भरने की अंतिम तिथि के पहले का था, लेकिन पास करने के बाद भी उनकी नियुक्ति नहीं की गयी है। उनकी ओर से कहा गया है कि सहायक टाउन प्लानर पद के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश को निरस्त करते हुए इन्हें नियुक्त किया जाये।

### जेपीएससी कर रहा नियुक्ति

झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से अप्रैल 2020 में असिस्टेंट टाउन प्लानर के 77 पद के लिए विज्ञापन निकाला गया था। मार्च 2021 को सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेपीएससी ने परिणाम जारी कर दिया, जिसमें 43 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा सरकार को भेज दी थी। इनमें से 26 ऐसे अभ्यर्थी थे, जिनके पास फॉर्म भरने की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर (इंडिया) का सर्टिफिकेट नहीं था। जेपीएससी ने 318 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया था, जिनमें से 186 अभ्यर्थियों के पास सर्टिफिकेट नहीं था। इस मामले में एकल पीठ ने टाउन प्लानर की नियुक्ति प्रक्रिया को सही मानते हुए प्रार्थी की याचिका को खारिज कर दिया था।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 17 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# विपक्ष के लिए कितना कारगर होगा एंकरों के बहिष्कार का फैसला

## ■ सवालों से भागने का यह तरीका गलत के साथ नुकसानदेह भी है

## ■ लोगों के बीच गलत संदेश गया है विपक्षी गठबंधन के फैसले का

**खुद को भारत की आवाज बतानेवाला विपक्ष का गठबंधन 14 चर्चित टीवी एंकरों का बहिष्कार करने का फैसला किया है। इसके लिए विपक्ष ने एक सूची भी जारी की है, जिसमें इनके नाम हैं। इस फैसले से विपक्ष की पोल खुलती नजर आ रही है। एक तरफ विपक्ष लोकतंत्र और संविधान को बचाने की बात करता है, लेकिन दूसरी तरफ लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के प्रति इतना असंवेदनशील रवैया अपना रहा है, इन टीवी एंकरों द्वारा पूछे जानेवाले तीखे सवालों से बचने के लिए अभिव्यक्ति की आजादी की गला घोंट रहा है। विपक्ष ने जिन टीवी एंकरों का बहिष्कार करने का फैसला किया है, वे देश की आवाज माने जाते हैं और अपने शो के जरिये वे भारत के घर-घर में जगह बना चुके हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का हरेक नागरिक इनके नाम से परिचित है। इनकी आवाज देश सुनता है, इनके सवाल देशहित के होते हैं, तो फिर विपक्षी गठबंधन ने इनके बहिष्कार का फैसला कर अलोकतांत्रिक और आत्मघाती फैसला क्यों किया है। यह ऐसा सवाल है, जो भारत के ही नहीं, दुनिया भर के जागरूक नागरिकों के मन में उठ रहा है। इसके अलावा राजनीतिक हलकों में भी यह सवाल उठाया जा रहा है कि आखिर एंकरों का बहिष्कार कर विपक्षी गठबंधन को क्या हासिल होगा। इन तमाम सवालों का एक ही जवाब है, और वह यह है कि यह फैसला अपरिपक्व और अलोकतांत्रिक है। इससे विपक्षी गठबंधन को लाभ कम, नुकसान अधिक होगा और उसके इस फैसले का आम जनता में गलत संदेश गया है। टीवी एंकरों के बहिष्कार के फैसले के संभावित असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**


राकेश सिंह

विपक्षी दलों के गठबंधन आइएनडीआइए ने दो दिन पहले एक बहुत ही चौंकाने वाला फैसला लिया। इसने एक ही झटके में टीवी न्यूज चैनलों पर विभिन्न तरह के शो करनेवाले 14 एंकरों का बहिष्कार करने का एलान कर दिया। गठबंधन में शामिल दलों ने घोषणा की है कि वे अपने प्रवक्ताओं को सूची में शामिल 14 न्यूज एंकरों के कार्यक्रमों में पक्ष रखने के लिए नहीं भेजेंगे। जिन एंकरों के बहिष्कार का एलान किया गया है, उनमें भारत एक्सप्रेस की अदिति त्यागी, न्यूज 18 के अमन चोपड़ा, अमिश देवगन और आनंद नरसिम्हन, रिपब्लिक टीवी नेटवर्क के चीफ और जाने-माने पत्रकार अर्णब गोस्वामी, डीडी न्यूज के अशोक श्रीवास्तव, आज तक की चित्रा त्रिपाठी और सुधीर चौधरी, इंडिया टुडे के गौरव सावंत और शिव अरूर, टाइम्स नाउ नेटवर्क की नविका कुमार और सुशांत सिन्हा, इंडिया टीवी की प्राची पाराशर और भारत 24 की रुबिका लियाकत शामिल हैं।

### फैसले से विपक्ष को क्या हासिल होगा

मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। टीवी पर होनेवाले कार्यक्रम जनता तक अपनी बात पहुंचाने का विपक्ष के पास बहुत बड़ा माध्यम है। ऐसे में विपक्षी दलों के गठबंधन ने अगर 14 एंकरों का बहिष्कार करने का फैसला किया है, तो इसमें नुकसान किसका होगा। अगर वे कार्यक्रम लोकप्रिय हैं, तो इनके जरिये विपक्ष जनता तक अपनी बातें ही तो पहुंचा रहा था। अब जब विपक्ष उन कार्यक्रमों में होगा ही नहीं, तो जनता तो एकतरफा बातें ही सुनेगी। विपक्षी दलों को अगर लगता है कि कोई एंकर उनकी बातों को दबा रहा है, तो उन्हें तो खुला मंच मिलता है, उनकी बातों को काटने के लिए। अब जब वे उसमें भाग ही नहीं लेंगे, तो नुकसान किसका करेंगे।



### आइएनडीआइए अपने पहले वाले एजेंडे में नाकाम रहा

आज सोशल मीडिया काफी मजबूत है। जनता को बरगलाना इतना आसान नहीं है, क्योंकि जिन एंकरों के बहिष्कार की घोषणा की गयी है, उन्हें विपक्षी दलों की ओर से पिछले कुछ वर्षों से 'गोदी मीडिया' या 'गोदी पत्रकार' कह कर तंज कसा जाता रहा है। अब अगर उनका बहिष्कार किया जा रहा है, तो इसका मतलब है कि आइएनडीआइए अपने पहले वाले एजेंडे में नाकाम हो चुका है।

### पत्रकारों को सवाल पूछने से रोकने की कोशिश

सवाल यह है कि क्या आइएनडीआइए का एंकरों के बहिष्कार का फैसला पत्रकारों को उनका काम करने से रोकने और उन्हें सवाल पूछने से रोकने की कोशिश नहीं है। सभी जानते हैं कि जब विपक्षी दलों की सरकारें थीं, तो पत्रकारों पर पक्षपात के आरोप लगते थे। यह भी सच है कि बड़े-बड़े चैनलों के पत्रकार रातों-रात एजेंडा चलाने के बाद नेता बन गये, टिकट लेकर चुनाव लड़े, चुनाव में जमानत जब्त कराने के बाद बड़ी पार्टियों के प्रवक्ता बन गये, सक्रिय पत्रकारिता से सीधे प्रधानमंत्री के मीडिया सलाहकार बन गये। फिर विपक्ष इन एंकरों के बहिष्कार से क्या साबित करना चाहता है।

### यह मीडिया को बांटने की साजिश

यह कड़वी हकीकत है कि एक जमाने में मीडिया पर खास दलों या गठबंधनों का एजेंडा चलाने वाले कुछ पत्रकार आज यू-ट्यूबर बन कर कुछ दलों के आधिकारिक प्रवक्ताओं से भी आगे निकलने की होड़ में लगे हुए हैं। अब ऐसे ही यू-ट्यूबर पत्रकार एंकरों के बायकॉट पर विपक्षी दलों की डफली बजाने लगे हैं। तो क्या यह मीडिया को बांटने की साजिश नहीं है।

### आपातकाल का भय दिखाने की कोशिश

देश में अगले साल लोकसभा चुनाव होनेवाले हैं। उससे पहले विपक्षी दलों की ओर से जो कदम उठाया गया है, वह परोक्ष रूप से मीडिया पर दबाव बनाने की कोशिश ही है। यह आइएनडीआइए की एक तरह से 'मीडिया सेंसरशिप' है। वास्तव में आइएनडीआइए यह दिखाना चाहता है कि भविष्य में यदि सत्ता परिवर्तन होता है, तो वह इस तरह के फैसले ले सकता है। इस तरह उसका यह फैसला मीडिया को आपातकाल का भय दिखाने की कोशिश ही है।

### क्या यह फैसला कारगर होगा

निश्चित रूप से आइएनडीआइए का यह बहुत बड़ा फैसला है। पर सवाल यह है कि यह फैसला क्या कारगर भी होगा। क्या इससे इन एंकरों के स्वरूप, सोच और प्रस्तुति में फर्क आयेगा। जिन कारणों और कारकों से इन एंकरों को समाज के एक हिस्से में 'गोदी मीडिया' कहा जाता है, क्या उन कारणों और कारकों का कोई निराकरण होगा। इन तमाम सवालों का एक ही जवाब है और वह है नहीं। आइएनडीआइए का एंकरों का बहिष्कार का फैसला जल्दबाजी में किया गया एक अगंभीर फैसला है। इसके पीछे न तो कोई सुचिंतित राजनीति है और न ही मीडिया के बारे में कोई गंभीर समझदारी। कुछ टीवी एंकरों के बहिष्कार मात्र से देश के इन बड़े न्यूज चैनलों की हकीकत को बदलने की बात तो बहुत दूर की रही, इनसे पार पाना भी असंभव है, क्योंकि संचार और मार्केटिंग के इस दौर में आज जनमत का बड़ा हिस्सा मीडिया पर ही निर्भर करता है। इसलिए परिदृश्य की जटिलता को समझे बगैर महज कुछ चुनिंदा एंकरों के बहिष्कार का फैसला अपने मकसद में नाकाम होने के लिए अभिशप्त है। फैसला करने वालों ने यह भी नहीं बताया कि उन्होंने इन 14 एंकरों का चयन कैसे किया, 14 के बदले 24 या 34 का क्यों नहीं किया। इस तरह हर स्तर और दृष्टिकोण से आइएनडीआइए का यह फैसला बचकाना है, इसमें प्रौढ़ता का अभाव है। इसमें त्वरित आवेश भर है।

कुल मिला कर बात यह है कि विपक्षी दलों ने जो कदम उठाया है, वह एक तरह से मीडिया पर 'हमले' की तरह है। अगर सरकार देश-विरोधी गतिविधियों में लगे मीडिया से जुड़े लोगों से सवाल भी पूछे, तो यही विपक्ष हाय-तौबा मचाने लगता है, लेकिन आज खुलेआम मीडिया पर दबाव बनाने की कोशिशों में जुटा हुआ लगता है।

---

# नीतीश-लालू गठबंधन तेल-पानी जैसा: शाह

**मधुबनी के झंझारपुर में गृह मंत्री ने रैली को किया संबोधित**

**कहा, लालू बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं, नीतीश की पीएम की ख्वाहिश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** मधुबनी के झंझारपुर में शनिवार 16 सितंबर को रैली में गृह मंत्री अमित शाह ने लालू-नीतीश पर जम कर निशाना साधा। कहा कि लालू-नीतीश गठबंधन तेल पानी जैसा है। दोनों लंबे समय तक एक साथ नहीं रह सकते। लालू को बेटे को सीएम बनाना है और हर बार की तरह नीतीश बाबू को प्रधानमंत्री बनना है। अमित शाह ने 30 मिनट के भाषण में 15 बार नीतीश कुमार, 14 बार लालू यादव का नाम लिया। साथ ही छह बार लालू-नीतीश की सरकार और 12 बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिया।

अमित शाह ने लालू के जंगलराज की याद दिलायी। उन्होंने कहा कि बिहार में बड़े बदलाव की जरूरत है। सरकार नहीं सुशासन चाहिए। गुंडाराज नहीं जनताराज चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं रोज अखबार पढ़ रहा हूं। लालू जी एक्टिव हो गये। नीतीश जी इनएक्टिव हो गये। अब आप सोच सकते हैं, बिहार का क्या होने वाला है। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी को लाइये नहीं तो सीमांचल में घुसपैठ और आतंक बढ़ जायेगा। पलायन पर उन्होंने कहा कि तीन दशक से ज्यादा समय में जिन लोगों की सत्ता में भागीदारी रही है, वे ईमानदारी से काम कर लेते, तो हमारे बच्चों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती।

अमित शाह ने कहा कि रेल मंत्री रहते हुए लालू जी ने अरबों का भ्रष्टाचार किया। ये यूपीए नाम के साथ नहीं आ सकते, इसलिए इन्होंने आइएनडीआइए गठबंधन नाम रखा। ये वही लालू प्रसाद यादव हैं, जिसने बिहार को सालों तक पीछे धकेलने का काम किया। शाह ने कहा कि दरभंगा एम्स पर नीतीश बाबू बोलते रहते हैं। बहुत कम प्रदेश हैं, जहां पर दो एम्स दिये गये हैं। मोदी जी ने पटना में एम्स दिया। 2020 दिसंबर में दरभंगा में दूसरा एम्स दिया। नीतीश जी ने 81 एकड़ भूमि दे दी, पहले मेडिकल कॉलेज में बाद में इसको वापस ले लिया। अगर नीतीश जी ने भूमि वापस ना ले ली होती तो आज यहां पर एम्स बन गया होता और यहां पर मरीजों का इलाज हो रहा होता।

गृह मंत्री ने कहा कि लालू-नीतीश की सरकार ने फतवा जारी किया, बिहार में रक्षा बंधन और जन्माष्टमी की छुट्टी नहीं होगी। बिहार की जनता ने विरोध जताया। सरकार को फैसला वापस लेना पड़ा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के रामचरितमानस पर की गयी टिप्पणी अपमानजनक है। अमित शाह ने रैली की शुरुआत में लोगों से पूछा कि मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है या नहीं? इसके बाद भारत माता की जय के नारे लगवाये, फिर सीता माता की जय के नारे लगवाये।

---

# धर्म-राजनीति दो अलग-अलग चीजें: खरगे

**कांग्रेस अध्यक्ष ने एक साल किया पूरा, बेबाकी से दिये सवालों के जवाब**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में एक साल पूरा कर लिया है। उनके पहले साल के कार्यकाल में कांग्रेस पार्टी को हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में जीत मिली। 81 वर्षीय खरगे को लगता है कि आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी उनकी पार्टी का डंका बजेगा। अगले वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस समेत कुल 28 दलों के नये विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में सीटों का तालमेल हो पायेगा? क्या भाजपा को चुनौती देने के लिए तैयार है। ऐसे कई सवालों का खरगे ने अंग्रेजी अखबार 'द हिंदुस्तान टाइम्स' के साथ बातचीत में बेबाकी से जवाब दिया।

**सीटों की साझेदारी आसान नहीं:** कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि गठबंधन दलों के बीच सीटों की साझेदारी का रास्ता निकालना आसान नहीं है, लेकिन इसका रास्ता निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि हम 100 फीसदी सफल नहीं हो सकते, लेकिन 99 फीसदी सफलता भी कम नहीं है। क्योंकि कुछ भी नहीं के मुकाबले कुछ तो बेहतर ही है। इसलिए यह होगा। अगले पांच महीनों में गठबंधन किस रूपरेखा पर आगे बढ़ेगी? इस सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी सब कुछ बताना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हमारी कार्यसमिति की बैठक है और 16-17 सितंबर को हैदराबाद में चुनाव समिति की बैठक भी है। वहां हम कुछ चीजें तय करेंगे। हम एक साथ लड़ रहे हैं, इसलिए हम आठ-नौ जगहों पर जनसभाएं करने जा रहे हैं।

**गठबंधन में शामिल पार्टियां सर्वे भी कर रहीं:** खरगे ने कहा कि हमने कई बार सभी नेताओं को एक-एक करके बुलाया है। पहले सब कुछ तैयार किया गया था, जब शरद पवार, नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और टीआर बालू जैसे प्रमुख नेता यहां आये थे। वे दो बार यहां आये और अंततः हमने सोचा कि हम एक साथ हर राज्य में जा सकते हैं। पहली बैठक पटना, दूसरी बेंगलुरु और फिर मुंबई में तय की गयी। उन्होंने बताया कि गठबंधन में शामिल अलग-अलग पार्टियां सर्वे भी कर रही हैं। लोकतंत्र में हम चुप नहीं रह सकते। हमें सरकार की कमियों को उजागर करना होगा। हम एक साथ लड़ रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि इस बार हमें सत्ताधारी गठबंधन एनडीए पर बढ़त मिलेगी।




### पीएम मोदी कभी-कभी खुद को श्रेष्ठ समझने लगते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने रिश्ते पर पूछे गये सवाल पर खड़गे ने कहा कि पीएम का आदर करना लोकतांत्रिक संस्कृति का सम्मान है। हम दुश्मन नहीं हैं। यदि आप अपने पीएम और अपने स्वयं के सहयोगियों का सम्मान नहीं करते हैं, तो लोकतंत्र में यह अच्छी संस्कृति नहीं है। हां, हम सदन में लड़ेंगे। हम वैचारिक आधार पर लड़ रहे हैं लेकिन वो (पीएम) जिस विचारधारा के लिए लड़ रहे हैं वह गलत है। दलितों, कमजोर वर्गों, आदिवासियों समेत कई नजरिये से उनकी विचारधारा बहुत गलत लगती है। खड़गे ने कहा कि कभी-कभी वो (पीएम मोदी) भूल जाते हैं कि राजनीति में श्रेष्ठता की भावना और ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए। पंडित जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी सीधे अटल बिहारी वाजपेयी जी से बात करते थे; पहले यह एक अच्छी परंपरा थी, और आजकल वो नहीं करते हैं।

### भारत नाम के समर्थन करने पर साफ जवाब नहीं

सरकार अगर संसद के विशेष सत्र में देश का नाम इंडिया खत्म करके सिर्फ भारत करने का प्रस्ताव लाती है तो क्या कांग्रेस पार्टी इसका समर्थन करेगी? इस सवाल पर खड़गे ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि नहीं, मुझे यह नहीं पता। इसे आने दीजिये, हम देखेंगे। उन्होंने इंडिया बनाम भारत के मुद्दे पर कहा कि जब कांग्रेस के सदस्य भारत माता की जय कहते हैं, तब हमारा मतलब क्या होता है? हमने भारत जोड़ो यात्रा निकाली, क्या यह हमने किसी के निर्देश पर किया? हमने भारत जोड़ो यात्रा को गांव-गांव तक 4,500 किलोमीटर की पैदल यात्रा के रूप में प्रचारित किया। उन्होंने मोदी सरकार की कुछ योजनाएं गिनाकर तगड़ा हमला किया। खड़गे ने कहा कि अब कोई वोट के लिए कुछ चीजें करने की कोशिश करता है जैसे स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, स्किल इंडिया और मेक इन इंडिया। वे भारत के नाम का उल्लेख करते हैं और प्रचार करते हैं, और फिर कहते हैं कि उन्हें भारत नाम से नफरत है।

### भाजपा अध्यक्ष से तुलना सही नहीं

जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता के बावजूद कांग्रेस की तरफ से आलोचना किये जाने के सवाल पर खरगे ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में राजनीति घुसायेंगे तो फिर यह होगा। उन्होंने कहा कि उनसे (सत्ता पक्ष) उम्मीद करता है कि हम हर चीज की तारीफ करें। जब आप इसे राजनीतिक बनाते हैं और उसका लाभ उठाते हैं, तो यह स्वीकार्य नहीं है। यह ऐसा आयोजन है जिसका मौका एक-एक करके हर देश को मिलता है, इसलिए इसके बारे में ज्यादा प्रचार न करें। मैं इसके बारे में ज्यादा चर्चा नहीं करना चाहता। उन्होंने मुझे जी20 में शामिल होने के लिए निमंत्रण नहीं दिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी जी-20 में शामिल होने का न्योता नहीं दिये जाने के सवाल पर खड़गे ने कहा कि उनकी तुलना नड्डा से नहीं की जा सकती है। खड़गे ने कहा कि वो विपक्ष के नेता के तौर पर कैबिनेट मंत्री का दर्जा रखते हैं, नड्डा नहीं।

### दिखावटी कांग्रेस अध्यक्ष विरोधी का बयान

क्या वो इस बात से परेशान होते हैं जब लोग उन्हें गांधी परिवार द्वारा चुना गया दिखावटी कांग्रेस अध्यक्ष कहा जाता है? इस सवाल पर खड़गे ने कहा कि विरोधी का तो काम ही ऐसी बातें करना है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे विरोधी कुछ भी कह सकते हैं, लेकिन राज्य में मेरे प्रदर्शन के बारे में सभी जानते हैं। एक मंत्री के रूप में मेरा प्रदर्शन, उस समय बहुत से लोग मेरे प्रदर्शन के बारे में नहीं जानते थे, लेकिन मैंने श्रम मंत्री के रूप में काम किया और जी20 की बैठकों के लिए पूरी दुनिया में यात्रा की।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.2 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.53 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.36 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 17 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in






### सैनिक स्कूल तिलैया की हीरक जयंती कार्यक्रम में पहुंचे राज्यपाल

# दूसरों की रक्षा और मदद करना ही साहस है: सीपी राधाकृष्णन



संजीव/ चंद्रभूषण

**तिलैया डैम/कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सैनिक स्कूल तिलैया में शनिवार को 60वें स्थापना दिवस पर 'हीरक जयंती' कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल हुए। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का स्कूल के प्राचार्य राहुल सकलानी ने स्वागत किया। राज्यपाल ने शहीद स्मारक स्थल पर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सैनिक स्कूल के प्राचार्य को शुक्रिया कहा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दूसरों की रक्षा और मदद करना ही साहस है। यह भी कहा कि सैनिक स्कूल ने पिछले साठ सालों में देश को सैकड़ों सैन्य, प्रशासनिक अधिकारी दिये हैं। यहां की पढ़ाई के साथ अनुशासन विद्यार्थियों को हमेशा के लिए सशक्त और सफल बनाता है। राज्यपाल ने स्टेडियम में परेड की सलामी ली। राज्यपाल ने शहीद हुए अधिकारियों की पत्नियों को भी सम्मानित किया। राज्यपाल ने सैनिक स्कूल के साठ वर्ष पूरे होने पर डाक टिकट का भी अनावरण किया। इस दौरान स्थानीय विधायक अमित यादव भी मौजूद रहे। इससे पहले बच्चों ने राज्यपाल का बैंड-बाजे के साथ स्वागत किया। वहीं एयर एडवेंचर विंग ने आसमान में साहसी कर्तव्य दिखाये। कार्यक्रम की शुरुआत और समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। मौके पर डीसी कोडरमा मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, सैनिक स्कूल के प्रिंसिपल राहुल साकलानी, शिक्षक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। 60वें स्थापना दिवस पर सैनिक स्कूल को सजाया गया। मुख्य द्वार, भवनों और स्थलों की आकर्षक ढंग से साज-सज्जा की गयी। परिसर में वाटरप्रूफ पंडाल और मंच बनाये गये थे। मुख्य समारोह स्थल कर्नल गेडियोक स्टेडियम को भी आकर्षक फूलों और लाइट से सजाया गया। पूर्ववर्ती छात्रों ने कहा कि हमें बहुत खुशी हो रही है कि आज सैनिक स्कूल के 60 वर्ष पूरे हो गये हैं। उस समय और आज के समय में काफी बदलाव देखने को मिला है। पहले अभी की तरह सुविधाएं नहीं थीं। कहा कि अब सैनिक स्कूल में लड़कियां भी पढ़ सकती हैं, यह खुशी की बात है। पहले सिर्फ लड़के पढ़ते थे। छात्रों ने पुराने दोस्तों से इतने सालों बाद मिलने पर खुशी जाहिर की।

## एम्स देवघर के चौथे वार्षिकोत्सव का किया उद्घाटन



**देवघर (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को एम्स देवघर के चतुर्थ वार्षिकोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे समाज में चिकित्सकों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उन्होंने कहा कि भारत के अनेक चिकित्सकों ने अपने उल्लेखनीय योगदान से विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के कारण ही हम कोविड महामारी के विषम परिस्थितियों का सफलतापूर्वक सामना करने में सफल हुए हैं। राज्यपाल ने कहा कि सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य के प्रसार एवं इसकी पहुंच को बढ़ावा देने के उद्देश्य के तहत विभिन्न राज्यों में नये एम्स संस्थान स्थापित किये गये हैं और एम्स देवघर की स्थापना से न सिर्फ संथाल परगना बल्कि सीमावर्ती राज्य के लोग भी लाभान्वित होंगे। राज्यपाल ने एम्स देवघर परिवार को बधाई दी तथा संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त अवसर पर राज्यपाल ने एम्स देवघर में नवनिर्मित नर्सिंग छात्रावास का उद्घाटन किया एवं कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

## आइएसआइएस का आतंकी उमर कोर्ट में पेश, भेजा गया जेल

**रांची।** एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमपी वर्मा की अदालत में शनिवार को मध्यप्रदेश के रतलाम जिले से गिरफ्तार आइएसआइएस के झारखंड मॉड्यूल से जुड़े संदिग्ध आतंकी राहुल सेन उर्फ उमर को पेश किया गया। अदालत ने राहुल को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ( जेल) भेज दिया। अब राहुल सेन उर्फ उमर को एनआइए रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इसके लिए एनआइए ने अदालत में आवेदन भी दिया है। उल्लेखनीय है कि झारखंड में आतंकी संगठन आइएसआइएस की मॉड्यूल को लेकर एनआइए ने 14 सितंबर को कई राज्यों के नौ ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान एनआइए ने मध्यप्रदेश के रतलाम से एक संदिग्ध राहुल सेन उर्फ उमर को गिरफ्तार किया था। इसके पास से लैपटॉप, पेन ड्राइव, मोबाइल फोन सहित आइएसआइएस से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किये गये थे।

### चतरा और कोडरमा झामुमो जिला समिति की बैठक

# केंद्रीय महासचिव ने योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो जिला समिति की विस्तारित बैठक के दूसरे दिन शनिवार को चतरा और कोडरमा जिला समिति की विस्तारित बैठक हुई। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। इसमें जिला अंतर्गत केंद्रीय समिति के सभी सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी और वर्ग संगठन के जिलाध्यक्ष और सचिव सहित अन्य बैठक में शामिल रहे।

इसमें चतरा और कोडरमा जिला में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गयी। साथ ही जिला समिति द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का आकलन किया गया। साथ ही सभी उपस्थित पदाधिकारी तथा सदस्यों को झारखंड सरकार द्वारा जनहित में लायी गयी योजनाओं की जानकारी देते हुए आमजनों तक योजनाओं को पहुंचाने का निर्देश दिया गया। आगामी दिनांक 20 सितंबर को पलामू और गढ़वा जिला समिति की विस्तारित बैठक आयोजित की जायेगी।

# बाबूलाल का बड़ा आरोप: चीन से चल रहा कांग्रेस का आइटी सेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लिया है। उन्होंने शनिवार को ट्विटर के जरिये खासकर राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कांग्रेस पार्टी का आइटी सेल चीन से ऑपरेट हो रहा है। ये चौंकानेवाला खुलासा है। इसकी जांच होनी चाहिए। इसका लोकेशन सियाचुआन, चीन और डोमेन नाम कांग्रेस दिखा रहा है।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए बाबूलाल ने राहुल से कई सवाल भी पूछे हैं। इस वीडियो में दिख रहा है कि राहुल भारतीय जवानों के साथ बैठे हैं और कुछ बातें कह रहे हैं। बाबूलाल के मुताबिक कांग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गांधी हर भारतीय के लिए गर्व के प्रतीक हमारी सेना में फूट डालना चाहते हैं? आखिर वह किसके इशारे पर जवानों को ऑफिसर्स के खिलाफ भड़काने की कोशिश कर रहे हैं?

राहुल गांधी पर बाबूलाल के सवाल दागने के बाद तय माना जा रहा है कि कांग्रेस और चीन के संबंधों पर लेकर आगामी दिनों में सियासत और तेज होगी। खासकर भाजपा इसे एक बड़ा मुद्दा बना सकती है। वैसे भी पार्टी चीन के साथ कांग्रेस और राहुल गांधी के रवैये को लेकर सवाल उठाती आयी है। चीन के स्तर से हाल के दिनों में जारी एक नक्शे में भारत के कुछ हिस्सों को भी शामिल दिखाया गया है, जिसे लेकर देश-दुनिया में गहमा-गहमी है।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Subscribe NOW




# गोल ने फ्री आइ चेकअप कैंप का किया आयोजन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

## आइरिस सुपरस्पेसिलिटी आइ हॉस्पिटल ने की जांच

**रांची।** मेडिकल और नीट की तैयारी करानेवाली बिहार-झारखंड का अग्रणी संस्थान गोल इंस्टीट्यूट ने कायाकल्प वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में छात्रों के लिए फ्री आइ चेकअप कैंप का आयोजन किया। आइरिस सुपरस्पेसिलिटी आइ हॉस्पिटल के साथ मिल कर शनिवार को रांची स्थित हिनू गोल ब्रांच में यह कैंप लगाया गया, जहां आइरिस सुपरस्पेसिलिटी आइ हॉस्पिटल की टीम से सीनियर ऑप्टम स्नेहा सिन्हा, ऑप्टम सागर सरकार, मार्केटिंग हेड सोमेश तिवारी मौजूद थे। गोल के फाउंडर एमडी बिपिन सिंह ने कहा कि छात्रों को पढ़ाई करते वक्त आखों की कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गोल के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने बताया कि कंपनी के सीएसआर कार्यक्रम एक्टिविटी के रूप में गोल बहुत सारे कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिसमें आंखों की देखभाल के लिए इस बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं गोल के ब्रांच हेड काली प्रसाद सिंह ने कहा कि समय-समय पर पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों की सेहत का भी ध्यान रखना गोल की प्राथमिकता में शामिल है। गोल के अभिषेक कुमार ने आइरिस सुपरस्पेसिलिटी आइ हॉस्पिटल की टीम को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मौके पर गोल के सभी टीम मेंबर मौजूद थे, जिसमें शुभम, सना, पूनम और अन्य शामिल थे।


# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत मिट्टी संग्रह कार्यक्रम



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा का मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शनिवार को लालपुर मंडल के केएम मल्लिक रोड और पीएनटी कॉलोनी में मिट्टी संग्रह का कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रताप के नेतृत्व में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में रांची सांसद संजय सेठ ने भी शामिल हो कर अमृत कलश में मिट्टी एकत्र किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अजय राय, बसंत दास ,बजरंग वर्मा, रोशनी खलखो, सूर्य प्रभात, विजय चौधरी, मुन्ना गुप्ता, अभय सिंह, महेंद्र खलखो, सुचिता सिंह, विजय सिंह, धनंजय सिंह, सुशील कच्छप सहित अन्य मौजूद रहे।

## पहाड़ी मंदिर और संकट मोचन मंदिर समिति को रद्द करने के लिए संजय सेठ ने राज्यपाल को लिखा पत्र



रांची (आजाद सिपाही)। शहर के पहाड़ी मंदिर और मेन रोड में स्थित संकट मोचन मंदिर में समिति गठन के मामले में सांसद संजय सेठ ने शनिवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को पत्र लिखा है। पत्र में सांसद ने कहा है कि आइएनडीआइए गठबंधन ने सनातन को समाप्त करने का संकल्प लिया है। इसके बाद राज्य सरकार के संरक्षण में इन मंदिरों की समिति का गठन किया गया है। ऐसे में आशंका है कि ऐसे लोग सनातन को नुकसान पहुंचाने के लिए भी कार्य करेंगे। उन्होंने राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए समिति को निरस्त करने का अनुरोध किया है। राज्यपाल को लिखे पत्र में सांसद ने कहा है कि झारखंड सरकार आइएनडीआइ एलायंस के तहत संचालित हो रही है। इनके नेताओं ने अभी कुछ दिन पूर्व सनातन विरोधी कई बयान दिये हैं। इसके बाद झारखंड सरकार ने धार्मिक न्यास बोर्ड की घोषणा की है। बोर्ड की घोषणा के साथ ही इनके जरिये कई अनर्गल फैसले किये जा रहे हैं, जो हिंदू भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने वाले हैं। झारखंड के दो प्रसिद्ध मंदिर पहाड़ी मंदिर एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड, रांची के प्रबंध समिति में हस्तक्षेप करते हुए इन्होंने नयी समिति की घोषणा कर दी है। सांसद ने कहा कि यह बेहद दु:खद है कि समिति बनाने के पूर्व न तो किसी की राय ली गयी और न ही कोई बैठक बुलायी गयी।

## आजसू का महाधिवेशन 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को रांची में

# आजसू का महाधिवेशन नहीं यह पूरे झारखंड का अधिवेशन होगा: सुदेश

### केंद्रीय और प्रदेश स्तरीय जिला, विधानसभा और प्रखंड पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हम आजसू पार्टी के महाधिवेशन को राज्य का अधिवेशन बनाना चाहते हैं। इसके लिए राज्य के प्रत्येक गांव का प्रतिनिधित्व महाधिवेशन में होगा। प्रदेश के सभी युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों की समस्याओं, विचारों और सुझावों पर मंथन हेतु पार्टी के महाअधिवेशन का आयोजन हो रहा है। यह अधिवेशन आजसू पार्टी के एक लाख पदेन पदाधिकारियों का नहीं, बल्कि झारखंड के सभी सवा तीन करोड़ लोगों का अधिवेशन होगा।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय और प्रदेश स्तरीय जिला, विधानसभा और प्रखंड पदाधिकारियों की बैठक में कहीं। इस बैठक में रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में 29, 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को महाधिवेशन का आयोजन होना तय हुआ।

सुदेश महतो ने कहा कि इस महाधिवेशन के माध्यम से आजसू पार्टी राज्य की राजनीति में बदलाव की पटकथा लिखेगी। महाधिवेशन में हम राज्य की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक प्रस्थिति पर विचार-विमर्श करेंगे। अगले वर्ष होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तैयारी और विभिन्न रणनीति पर मंथन भी करेंगे।

महाधिवेशन के बारे में बताते हुए पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि पार्टी महाधिवेशन में पार्टी के एक लाख पदेन पदाधिकारी शामिल होंगे और इस आयोजन में राज्य के सभी 32 हजार गांव के प्रतिनिधि शामिल होंगे और राज्य के विभिन्न विषयों पर विचारों का आदान प्रदान करेंगे। यह मौका है, जब हम पार्टी के संविधान में बदलाव के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर आवश्यकता अनुसार बदलाव कर सकते हैं। महाधिवेशन में पार्टी के भावी कार्यक्रमों के साथ-साथ पूर्व में हुए कार्यक्रमों पर भी चर्चा होगी। इस आयोजन के माध्यम से झारखंड के वीर आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जायेगा, साथ ही इस दौरान पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और अन्य सदस्यों का चुनाव होगा। आज राज्य में फैले भय, भ्रम और भ्रष्टाचार से सभी वर्ग और समुदाय के लोग परेशान हैं। राज्य की जनता को अपने वादों से झूठे सपने दिखा कर सत्ता में काबिज होनेवाली सरकार ने जनता के मत के खिलाफ सिर्फ उन्हें छलने का काम किया। इस बैठक में पार्टी केंद्रीय समिति सदस्य, सभी विधानसभा प्रभारी, सभी जिलों के प्रभारी, अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, सचिव तथा सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, सचिव, नगर अध्यक्ष, नगर सचिव एवं सभी अनुषंगी इकाई के अध्यक्ष, सचिव शामिल हुए।

### हटिया विधानसभा स्तरीय पंचायत प्रभारी और ग्राम प्रभारी सम्मेलन संपन्न

रांची स्थित लाल गुटवा बैंक्वेट हॉल में आयोजित हटिया विधानसभा स्तरीय पंचायत प्रभारी और ग्राम प्रभारी सम्मेलन पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज यह राज्य नेतृत्वविहीन है, सरकार की सोच राज्य स्तरीय नहीं है। इनके पास विकास का कोई पैमाना ही नहीं। इस सरकार ने राज्य में अराजकता का माहौल बना दिया है। इसी अराजकता के खिलाफ राज्य की जनता वोट की चोट से इन्हें सत्ता से हटायेगी।

# मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक प्रदेश भाजपा मनायेगी सेवा पखवाड़ा: प्रदीप वर्मा

- प्रदेश कार्यालय में बाबूलाल मरांडी एवं कर्मवीर सिंह प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन
- केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आर्यभट्ट सभागार, मोरहाबादी में विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित रहेंगे



- केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ एल मुरुगन जमशेदपुर में होंगे शामिल, सेवा पखवाड़ा में रक्तदान शिविर, अस्पतालों में फल वितरण, आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण, स्वच्छता अभियान, नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, बस्ती संपर्क जैसे विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनायेगी। उक्त जानकारी शनिवार को प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के करोड़ों कामगारों के लिए विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ करने जा रहे। इस अवसर पर रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित एक चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह करेंगे। सभी जिलों में भी चित्र प्रदर्शनी लगायी जायेगी। प्रदेश कार्यालय के सभागार में पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी विश्वकर्मा योजना शुभारंभ समारोह में ऑनलाइन जुड़कर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनेंगे। सभी जिलों के कार्यकर्ता भी अपने जिलों में इस कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़ेंगे।

श्री वर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा योजना आत्मनिर्भर भारत को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक योजना होगी जिसमें लोहार, कुंभकार, स्वर्णकार, बुनकर, हस्तशिल्प जैसे पारंपरिक पेशे से जुड़े कामगारों के हुनर को बढ़ावा देते हुए उन्हें विश्व बाजार से भारत सरकार जोड़ेगी। उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जायेगा।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा युवा मोर्चा के द्वारा विभिन्न जिलों में 17,18,19 एवं 20 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। बताया कि अस्पतालों में मरीजों के बीच फलों का वितरण किया जायेगा। पूरे पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान, नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, अंगदान का संकल्प, डिजिटल रूप से छूटे हुए लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड का निर्माण जैसे कार्यक्रम चलाये जायेंगे।

# संकट मोचन हनुमान मंदिर की नयी कमेटी का महामंडलेश्वर ने किया विरोध

### संकट मोचन हनुमान मंदिर के संचालक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी बाबा ने रखी अपनी बात

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** संकट मोचन हनुमान मंदिर के संचालक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी बाबा ने झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा घोषित संकट मोचन हनुमान मंदिर की नयी कमेटी के गठन का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पहले कोई मंदिर कमेटी नहीं थी। 1974 से मैं रांची के मेन रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर की सेवा कर रहा हूं। 1987 में गुरुजी के शरीर त्यागने के बाद से मैं इस मंदिर का संचालन कर रहा हूं, फिर किस आधार पर मंदिर कमेटी को भंग करके नयी कमेटी का गठन किया गया? उन्होंने कहा कि इस मंदिर का संचालन निर्मोही अखाड़ा अयोध्या के साधु-संत समाज शुरू से करते आ रहे हैं और आगे भी निर्मोही अखाड़ा के माध्यम से मंदिर संचालित होगा। इस मौके पर स्वामी दिव्यानंद, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत सिंह, श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, महामंत्री मुनचुन राय, पुजारी श्यामनंद पांडेय, अभिषेक पाठक, समाज सेवी अमृत रमण, अमित कुमार, निशांत यादव समेत अन्य मौजूद थे। झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा गठित मंदिरों की नयी कमेटियों को लेकर सभी ने विरोध जताया।

### देश के मंदिरों और मठों को मिले आजादी

रांची के संकट मोचन हनुमान मंदिर के संचालक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी बाबा ने कहा कि चाहे कोरोना हो या पथराव। सरकार के किसी भी प्रतिनिधि ने सुध लेने की जहमत नहीं उठायी। यह मंदिर समाज का है। इस मंदिर को सरकार अपने नियंत्रण में लेना चाह रही है, जो गलत है। जिस प्रकार अन्य धर्मों के धर्मस्थलों को स्वतंत्रता प्राप्त है, उसी प्रकार भारत के सभी मंदिरों और मठों को भी आजादी मिलनी चाहिए।

### सनातन धर्म और सनातनियों पर हमला ठीक नहीं

रांची के संकट मोचन हनुमान मंदिर के संचालक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी बाबा ने कहा कि सरकार का रवैया सनातन धर्म के प्रति सही नहीं है। सरकार को सनातनियों को बार-बार तंग नहीं करना चाहिए। कुछ लोग सनातन को मिटाने का षडयंत्र रच रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई के बजाय मंदिर और सनातन की संस्कृति के प्रति आघात पहुंचाया जा रहा है।

### न्यास बोर्ड का कोई सदस्य आज तक नहीं आया मंदिर

महंत श्री श्री 1008 सूर्य नारायण दास त्यागी बाबा ने झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के कदम का विरोध जताया। उन्होंने कहा कि कौन न्यास समिति है? आज तक मंदिर में न्यास बोर्ड का कोई सदस्य नहीं आया। इस मंदिर का संचालन निर्मोही अखाड़ा अयोध्या के साधु-संत समाज शुरू से करते आ रहे हैं और आगे भी निर्मोही अखाड़ा के माध्यम से मंदिर संचालित होगा।

### मंदिरों की नयी कमेटियों का जताया विरोध

इस मौके पर स्वामी दिव्यानंद, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत सिंह, महावीर मंडल के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, महामंत्री मुनचुन राय, पुजारी श्यामनंद पांडेय, अभिषेक पाठक, समाज सेवी अमृत रमण, अमित कुमार, निशांत यादव समेत अन्य मौजूद थे। सभी ने झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा गठित मंदिरों की नयी कमेटियों को लेकर विरोध जताया।

# सरना स्थल की रक्षा हर हाल में होगी: बंधु तिर्की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासी समुदाय, परंपरा और संस्कृति के दृष्टिकोण से बहुत समृद्ध है और आदिवासियत की पहचान की सुरक्षा उनके जीवन का सबसे बड़ा एवं प्रमुख उद्देश्य है। श्री तिर्की ने कहा कि सभी सरना स्थलों एवं आदिवासियों के सभी धार्मिक स्थानों की रक्षा हर हाल में की जायेगी। उक्त बातें शनिवार को रातू प्रखंड के कमड़े में चार स्थानों पर पत्थल गाड़ कर पूजा-अर्चना करने के बाद आयोजित समारोह में बोल रहे थे।

सरना समिति, कमड़े द्वारा आयोजित इस समारोह में सरना समिति के अगुआ नारायण उरांव, कमडे पंचायत की मुखिया निलाम तिर्की, अलविन लकड़ा, लालू पहान, पाइन भोरा, करमा उरांव महतो, मादी उरांव, कोटवार छोटान लोहरा, केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप, राजेश लकड़ा, राजेश मुंडा, सुनिता मुंडा, सरिता मुंडा, सोमारी उरांव, सुषमा मुंडा, सुनीता, अंगनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रांची में आज लांच होगी पीएम विश्वकर्मा योजना

रांची (आजाद सिपाही)। पूरे देश में रविवार को 70 स्थानों पर पीएम विश्वकर्मा योजना लांच होगी। साथ ही रांची और पूर्वी सिंहभूम में भी इस योजना को लांच किया जायेगा। इससे लेकर कारीगर और विश्वकर्मा समाज में उत्साह का माहौल बना हुआ है। केंद्र सरकार की इस योजना से राज मिस्त्री, लोहार, धोबी, कुम्हार, फूलों का काम करनेवाले, ताला चाबी बनानेवाले, मूर्तिकार, मछली का जाल बुनने वाले आदि को लाभ मिलेगा। इस योजना की शुरुआत कारीगरों और श्रमिकों को प्रोत्साहन देने के लिए ही की जा रही है। इसका उद्देश्य पारंपरिक शिल्प कौशल में कुशल व्यक्तियों को सशक्त बनाना है। इसका प्राथमिक उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और कल्याण सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत कारीगरों और शिल्पकारों को ट्रेनिंग भी दी जायेगी। इस योजना के लागू होने के बाद देशभर में स्वरोजगार में वृद्धि होगी।

### विकलांग बच्चों की जांच कर उपकरण दिये



रांची/ओरमांझी (आजाद सिपाही)। समावेशी शिक्षा के अंतर्गत प्रखंड संसाधन केंद्र ओरमांझी में शनिवार को 0.3 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के लिए जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीमा गुप्ता ने किया। शिविर में आये बच्चों की जांच की गयी और उन्हें जरूरत के मुताबिक सहायक उपकरण दिये गये। जांच शिविर में 35 बच्चों की जांच की गयी। 11 बच्चों को सहायक सामग्री दी गयी, जिसमें चार बच्चों को ह्वील चेयर, एक बच्चे को ट्राइसाइकिल, दो बच्चों को टीएलएमएमएसआइडी किट, दो बच्चों को कैलिपर, दो बच्चों को रोलेटर प्रदान किया गया। शिविर में एलिम्को कानपुर के चिकित्सक और बीअरसी कार्यालय के सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही। इसके अलावा समावेशी शिक्षा के नारायण प्रसाद, राजीव रंजन, ज्योति कुमारी, अरशद, राजेश, रोहित, नीतू और अरविंद आदि का सहयोग रहा।

### छात्रों ने बिरसा केंद्रीय कारागार का दौरा किया




रांची (आजाद सिपाही)। इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज से विधि के छात्रों का एक दल ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, होटवार का दौरा किया। वहां कैदियों के स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। यह कार्यक्रम डालसा के सहयोग से संपन्न हुआ। डालसा की ओर से एलएडीसी अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप उपस्थित रहे और इंस्टीट्यूट की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर मिस रिमझिम वैष्णवी तथा छात्र विश्वजीत कुमार तिवारी, कुमार रौशन, हेमा सिंह, रिंतिका आनंद आदि उपस्थित रहे।

### एचइसी बचाने 19 सितंबर को दिल्ली रवाना होंगे यूनियन के प्रतिनिधि



रांची (आजाद सिपाही)। एचइसी को बचाने के लिए बनी सभी यूनियन के प्रतिनिधि 19 सितंबर को दिल्ली जायेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के नेता सुबोधकांत सहाय की अध्यक्षता में हटिया कामगार यूनियन एटक के कार्यालय में एचइसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। नेताओं ने कहा कि दिल्ली में संसद भवन पर धरना देंगे और केंद्र सरकार से एचइसी को बचाने और हजारों परिवार को भुखमरी से बचाने की गुहार लगायेंगे। बता दें कि एचइसी को बचाने के लिए पिछले दिनों इस समिति का गठन किया गया था, जिसमें आंदोलन करने का फैसला किया गया था। इसी कड़ी में संसद भवन के सामने धरना देने का कार्यक्रम तय किया गया है।

### सड़कों और फुटपाथ पर लगायी दुकान तो होगी कार्रवाई, 20 से चलेगा अभियान

रांची (आजाद सिपाही)। रांची पुलिस ने दुकानदारों से अपील की है कि वे अपनी दुकान का सामान सड़क और फुटपाथ पर ना लगायें। पुलिस ने अपील की है कि दुकानों का सामान सड़क पर लगाने से निगम क्षेत्र में जाम लगता है। शहर में फ्लाईओवर के निर्माण के कारण ट्रैफिक व्यवस्था पर बोझ बढ़ा है। ऐसे में आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ठेले, खोमचे वाले अथवा अन्य स्ट्रीट वेंडर आवागमन को बाधित नहीं करें। सभी नागरिकों से अपील है कि एंबुलेंस की आवाज सुनने पर उसे आगे जाने का रास्ता दें। ऐसा करने से कई लोगों की जान बच सकती है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को जहां-तहां नहीं लगायें। इन सभी कार्यों का अनुपालन सुनिश्चित करवाने के लिए 20 सितंबर से विशेष अभियान चलाया जायेगा।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पर भाजपाइयों ने मिट्टी संग्रह किया



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता शामिल रहे। इस दौरान भाजपाइयों ने दिगवार, सांडी समेत कई क्षेत्रों में जनसंपर्क करते हुए क्षेत्रवासियों से मुलाकात की। साथ ही, पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक देशहित में किये गये विकास कार्यों की चर्चा की। मिट्टी संग्रह कार्यक्रम में महामंत्री सुनील प्रसाद साहू, हरि कुशवाहा, भाजयूमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज झा, रामसहाय बेदिया, नरोत्तम सिंह, संतोष शर्मा राजेश प्रजापति, रंजीत प्रसाद साहू, विजय गिरी, दुलाल पंडा, मुकेश ठाकुर, उमेश प्रसाद, विनोद कुमार, अर्जुन कुशवाहा, कुलदीप कुशवाहा, चंदन कुशवाहा, संजय गिरी, बलराम गिरी, धनु महतो, अनुपम गिरी, विश्राम गिरी, भागीरथ गिरी, संजय महतो, आनंद महतो, शंकर बबेदिया, पंकज मिश्रा, राजेंद्र रजवार, राहुल केसरी समेत कई भाजपाई शामिल रहे।

## ऊर्जा सचिव ने निर्माणाधीन पीवीयूएनएल प्लांट का किया निरीक्षण

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू में बन रहे झारखंड सरकार व केंद्र सरकार की एक बेहद महत्वाकांक्षी योजना जो झारखंड सरकार व एनटीपीसी के संयुक्त उपक्रम के रूप में 4000 मेगावाट के सुपर पावर प्लांट पीवीयूएनएल के निर्माण कार्यों और परियोजना के प्रगति का जानकारी लेने के उद्देश्य से केंद्रीय उर्जा सचिव पंकज अग्रवाल के साथ ज्वाइंट सेक्रेटरी पीयूष सिंह, एनटीपीसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर उज्जल कांत भट्टाचार्य, एनटीपीसी फ्यूल डायरेक्टर शिवम श्रीवास्तव , निर्देशक ईंधन पार्थ मजूमदार, सीजीएम प्रभारी कोयला खनन अनिमेष जैन सहित कई अधिकारियों ने शनिवार को पूरे निर्माणाधीन पीवीयूएनएल पावर प्लांट निर्माण क्षेत्र का निरीक्षण किया। उसके बाद पीवीयूएनएल परिसर में अधिकारियों के साथ परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक में कई निर्देश दिये। और अधिकारियों के साथ ऊर्जा सचिव ने सेफ्टी पार्क क्षेत्र में पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल ने पत्रकारों से कहा कि निमार्णाधीन पीवीयूएनल पावर प्लांट के जमीनी स्तर के कार्य प्रगति को देखने आया हू। उन्होंने कहा कि कुछ विभाग के कार्यों से संतोषजनक नहीं होने के बावजूद जुलाई 2024 में पावर प्लांट के पहले यूनिट से बिजली उत्पादन शुरू कर लिया जायेगा।

E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111
**JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI**
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001

Ref.:-1695 Date: 16.09.2023
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites **"Bids for Implementation of Positive Pay System"** for Jharkhand State Cooperative Bank Limited.
Last date for submission of documents: **07.10.2023 till 12:00 Noon.**
For eligibility criteria and other details, please visit website: **http://www.jscb.gov.in**
Sd/- CEO, JSCB, Ranchi

E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111
**JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI**
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001

Ref.:-1694 Date: 16.09.2023
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites **"RFP for IT/IS Audit"** for Jharkhand State Cooperative Bank Limited.
Last date for submission of documents: **07.10.2023 till 12:00 Noon.**
For eligibility criteria and other details, please visit website: **http://www.jscb.gov.in**
Sd/- CEO, JSCB, Ranchi

**भारतीय खाद्य निगम**
**क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर**

**प्रेस नोट**

**भारतीय खाद्य निगम द्वारा पूर्वी क्षेत्र में अपने क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से ओएमएसएस (डी) के तहत गेहूं एवं चावल की बिक्री**

मुक्त बाजार बिक्री योजना– घरेलू (ओएमएसएस) का तात्पर्य मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कम कीमतों पर खाद्यान्न प्रदान करके बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ई–नीलामी के माध्यम से सीएएफ एवं पीडी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित कीमतों पर मुक्त बाजार में खाद्यान्नों (गेहूं एवं चावल) को प्रस्तावित करना है ।
इस योजना के तहत, भारतीय खाद्य निगम, भारत सरकार ई–नीलामी के माध्यम से केवल गेहूं उत्पादों (व्यापारियों/थोक खरीदारों को अनुमति नहीं है) के प्रसंस्करणकर्ताओं/आटा चक्की/आटा मिलर्स को गेहूं प्रस्तावित करना है । गेहूं के मामले में, एक पात्र बोलीदाता न्यूनतम 10 मीट्रिक टन से अधिकतम 100 मीट्रिक टन तक की बोली लगा सकते हैं । चावल के मामले में, पात्र व्यापारी न्यूनतम 10 मीट्रिक टन से अधिकतम 1000 मीट्रिक टन तक की बोली लगा सकते हैं।
बोलीदाता के पास वैध एफएसएसएआई लाइसेंस, जीएसटी/व्यापार कर पंजीकरण, पैन होना चाहिए और उसे गेहूं के मामले में भारत सरकार के डब्ल्यूएसपी पोर्टल में अपने मौजूदा स्टॉक होल्डिंग की घोषणा करनी होगी ।
क्षेत्रीय कार्यालय (पूर्व), कोलकाता के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम के सभी क्षेत्रीय कार्यालय अर्थात बिहार, झारखंड, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल के लिए प्रत्येक शुक्रवार को **http://www.valuejunction.in/fci** पर एम–जंक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से एफसीआई/एजेंसियों के डिपो में रखे स्टॉक से गेहूं एवं चावल प्रस्तावित की जा रही है । गेहूं (एफएक्यू) के लिए मौजूदा दर रुपए 2150/- प्रति क्विंटल, गेहूं (यूआरएस) के लिए रुपए 2125/- प्रति क्विंटल, सामान्य चावल के लिए रुपए 2900/- प्रति क्विंटल एवं फोर्टिफाइड चावल (उबले/कच्चे) के लिए रुपए 2973/- प्रति क्विंटल के साथ लागू कर भी शामिल है ।
पूर्वी जोन में सभी क्षेत्रों अर्थात बिहार, झारखंड, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल द्वारा कुल 651120 मीट्रिक टन गेहूं और 797493 मीट्रिक टन चावल का प्रस्ताव दिया गया है, जिसमें से अब तक कुल 318740 मीट्रिक टन गेहूं एवं 45750 मीट्रिक टन चावल बेचा जा चुका है।
उपरोक्त निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाले पात्र पक्षों/बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपने संबंधित राज्यों के माध्यम से साप्ताहिक आधार पर आयोजित की जा रही ई–नीलामी में भाग लें ।

भारतीय खाद्य निगम
आंचलिक कार्यालय (पूर्व)
10ए, मिडलटन रो कोलकाता–700 071

### स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

# सदर अस्पताल के साथ दलालों पर रखें पैनी नजर, करें कड़ी कार्रवाई: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की शनिवार को डीसी चंदन कुमार ने समीक्षा किया। उन्होंने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध आकस्मिक सेवाओं की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों एवं चिकित्सकों को पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मातृ स्वास्थ्य संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में एएनएम, सहिया आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। वही शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के सभी प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने महीने में कम से कम दो बार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य अथवा आंगनबाड़ी कर्मियों द्वारा घरों तक जाकर गर्भवती महिलाओं से संबंधित जानकारी इकट्ठा करने एवं उनकी प्रसव पूर्व जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



**पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डीसी गंभीरः** पतरातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वर्तमान भवन में आधारभूत संरचनाओं की कमी पर डीसी ने गंभीरता दिखाई। उन्होंने बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पतरातु और प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू को संयुक्त रूप से पतरातू प्रखंड कार्यालय के पुराने भवन का निरीक्षण करने और प्रखंड कार्यालय के पुराने भवन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन करने से संबंधित प्रतिवेदन तैयार करते हुए उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने वैसी गर्भवती महिलाओं जिन्होंने अपनी प्रसव पूर्व जांच सदर अथवा किसी अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में कराई हो। लेकिन उनका प्रसव किसी निजी अस्पताल अथवा नर्सिंग होम में हुआ हो पर विशेष ध्यान देने एवं इससे संबंधित विस्तृत जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में वैसे व्यक्तियों जो की मरीजों को निजी अस्पताल अथवा नर्सिंग होम में अपना इलाज कराने हेतु प्रेरित करते हो उनकी सूचना तत्काल रूप से जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया।

**बच्चों के नियमित टीकाकरण कार्यो से डीसी असंतुष्टः** बच्चों के नियमित टीकाकरण कार्यों पर असंतोष जाहिर करते हुए उपायुक्त ने इससे संबंधित विस्तृत जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रसव के दौरान माता अथवा शिशु की मृत्यु होने से संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेने एवं मामले की तह तक जाकर कारण को दूर करने का निर्देश दिया। वहीं प्रसव के दौरान माता अथवा शिशु की मृत्यु संबंधित वर्बल ऑटोप्सी के लंबित मामलों में उपायुक्त ने संबंधित चिकित्सकों से तत्काल रूप से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियम अनुसार संचालन सुनिश्चित करने के मद्देनजर उपायुक्त ने सिविल सर्जन और पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत गठित टीम को नियमित रूप से अल्ट्रासाउंड केंद्रों का निरीक्षण करने और किसी भी प्रकार की अवमानना सामने आने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने राष्ट्रीय कृमि उन्मूलन दिवस के तहत 20 सितंबर 2023 को आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों सहित अन्य संस्थाओं में शत प्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का निर्देश दिया। वहीं किसी कारणवश जिन बच्चों को 20 सितंबर को एल्बेंडाजोल की गोली नहीं खिलायी जा सके। उनके लिए 29 सितंबर को मॉप अप राउंड के तहत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## आकाश ने झारखंड स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा का लाल आकाश दास ने 16वीं झारखंड स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर कोयलांचल भुरकुंडा का नाम रोशन किया है। पटेलनगर भुरकुंडा निवासी सीसीएल कर्मी प्रभास दास व परमजीत दास का पुत्र आकाश दास ने बोकारो जैन मोड़ स्थित सेमफोर्ड इंटरनेशनल एकडमी में खेले गये 16वीं झारखंड बॉक्सिंग चैंपियनशिप का 14 से 16 सितंबर तक सीनियर 70-80 किग्रा वजन के बीच मैच खेला गया। जिसमें 14 को फस्ट राउंड में आकाश ने रांची को और 15 सितंबर के मैच में धनबाद को हराकर फस्ट राउंड में जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाया। वहीं 16 सितंबर को पूर्वी सिंहभूम टाटा के हिमांशु सिंह को दो राउंड के खेल में आकाश ने आरएससी कर स्वर्ण पदक जीत लिया। आकाश डीएवी बरकाकाना से 10वीं पास की थी। वह अभी जेएम कॉलेज भुरकुंडा से बीए पार्ट-2 का छात्र है। आकाश की सफलता पर कॉलोनीवासियों सहित कोयलांचल के लोगों में खुशी का माहौल है।

## डीसी ने किया इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार ने शनिवार को छत्तरमांडू स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता ने उपायुक्त को इवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।









# पाकिस्तान के बम

अमेरिकी परमाणु वैज्ञानिकों की यह ताजा रिपोर्ट चिंताजनक है कि पाकिस्तान के एटमी बमों की संख्या 170 तक पहुंच गयी है। ध्यान रहे, अमेरिकी डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी का 1999 में आकलन था कि 2020 तक पाकिस्तान के पास 60 से 80 तक एटमी बम होंगे। जाहिर है, पाकिस्तान ने परमाणु बम हासिल करने की अपनी रफ्तार से दुनिया भर के विशेषज्ञों को चकित कर दिया है। लेकिन बात इतनी ही नहीं। सब जानते हैं कि पाकिस्तान इन दिनों आर्थिक मोर्चे पर जबर्दस्त चुनौतियों से गुजर रहा है। ऐसे हालात के बीच भी उसके परमाणु कार्यक्रम पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता नहीं दिख रहा। अमेरिकी वैज्ञानिकों की यही रिपोर्ट बताती है कि अगर पाकिस्तान के परमाणु विस्तार कार्यक्रम की मौजूदा रफ्तार जारी रही तो 2025 तक यानी दो साल के अंदर उसके एटमी बमों की संख्या करीब 200 हो जायेगी। यह सवाल किसी के भी मन में उठ सकता है कि जब एक तरफ पाकिस्तान में महंगाई दर का यह हाल है कि गेहूं 140 रुपये किलो मिल रहा है। पेट्रोल-डीजल 300 रुपये लीटर पर पहुंचे हुए हैं। गैस और बिजली के बढ़ते बिलों को लेकर लोग सड़कों पर उतरे हुए हैं और लोन की एवज में डाली जा रही आइएमएफ की शर्तें पूरी करने में वहां की सरकार के पसीने छूट रहे हैं, तब ऐसा कैसे संभव है कि परमाणु हथियार कार्यक्रम पर इस सबकी कोई छाया नहीं दिख रही? शायद यही वह बिंदु है जहां एक स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश और सैन्य तंत्र की बैसाखियों पर चलते लूले-लंगड़े लोकतंत्र का फर्क सबसे स्पष्ट रूप में सामने आता है। पाकिस्तानी राजनीति में सेना के वर्चस्व को देखते हुए यह संभव ही नहीं लगता कि वहां कोई भी सरकार सेना की प्राथमिकता में शामिल किसी कार्यक्रम पर रोक लगाने की सोच भी सके। निश्चित रूप से यह स्थिति भारत की सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम है। लेकिन दो और सवाल इसके साथ जुड़े हुए हैं। एक तो यह कि मौजूदा माहौल में पाकिस्तान की इस स्थिति को चीन, नॉर्थ कोरिया, ईरान और रूस जैसे देशों से पूरी तरह अलग करके नहीं देखा जा सकता, जो न केवल अपनी सेना को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देशों के लिए किसी न किसी रूप में चुनौती खड़ी करने का काम कर रहे हैं। दूसरा और ज्यादा अहम पहलू है पाकिस्तान के लगातार बढ़ते परमाणु हथियारों पर नियंत्रण का। जिस तरह की अस्थिरता से पाकिस्तान गुजर रहा है, उसमें यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि अगर कहीं ये परमाणु हथियार आतंकवादी समूहों के हाथ लग गये तो क्या होगा। भारत अपनी सुरक्षा के लिए जरूरी सारे कदम तो उठा ही रहा है, लेकिन खतरा वैश्विक स्तर पर भी है, जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती।

**पाकिस्तान के लगातार बढ़ते परमाणु हथियारों पर नियंत्रण का। जिस तरह की अस्थिरता से पाकिस्तान गुजर रहा है, उसमें यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि अगर कहीं ये परमाणु हथियार आतंकवादी समूहों के हाथ लग गये तो क्या होगा।**

अभिमत

आजाद सिपाही

**आज भारत मोबाइल मैन्युफेक्क्रिंग से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान तक हर क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर हुआ है, आज दुनिया भर में भरतीय मोबाइलों का डंका बज रहा है, जहा सन 2013-2014 में भारत में मोबाइल निर्यात 10,352 करोड़ रुपये का था आज मोदी के नेतृत्व में वो बढ़ कर 68,617 करोड़ रुपये का हो गया है, आज भारत के चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रच दिया है और अब तो भारत अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में आदित्य एल 1 से सूर्य की ओर भी बढ़ चला है।**

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

जन्मदिन विशेष



डॉ रमन सिंह

आज भारत विश्व में अपनी अलग पहचान रखता है, दुनिया के बड़े-बड़े राष्ट्राध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान करते हैं और भारत में उम्मीद की एक नयी किरण देखते हैं, हालही में दिल्ली में जी 20 के आयोजन में दुनिया भर से आये राष्ट्राध्यक्षों ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की, भारत आज विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, इसका सबसे बड़ा कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अथक परिश्रम और राष्ट्र के आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाये गये कदम हैं, मेक इन इंडिया जैसे अभूतपूर्व निर्णय हैं, जिसने भारत को आत्मनिर्भरता की वो शक्ति प्रदान की, जिससे भारत आज विश्व में चमक रहा है।

आज भारत मोबाइल मैन्युफेक्क्रिंग से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान तक हर क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर हुआ है, आज दुनिया भर में भरतीय मोबाइलों का डंका बज रहा है, जहा सन 2013-2014 में भारत में मोबाइल निर्यात 10,352 करोड़ रुपये का था आज मोदी के नेतृत्व में वो बढ़ कर 68,617 करोड़ रुपये का हो गया है, आज भारत के चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रच दिया है और अब तो भारत अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में आदित्य एल 1 से सूर्य की ओर भी बढ़ चला है। आजादी के बाद से भारत, ब्रिटिशकाल में निर्मित संसद भवन का उपयोग कर रहा था लेकिन पीएम मोदी ने लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर कहलाने वाले नये संसद भवन का निर्माण करवाया, जो आजाद भारत में निर्मित देश का पहला संसद भवन है और आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक बन कर खड़ा है, न केवल लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर बल्कि आस्था के भी बड़े मंदिर, अयोध्या के श्री राम मंदिर का निर्माण भी नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद ही संभव हुआ है।

**पीएम मोदी के रूप में हम सभी एक ऐसे राष्ट्रनायक को देख रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत को गौरवान्वित कर रहें हैं।**



**हमारी मान्यताओं के अनुसार आज ही के दिन निर्माण के देवता भगवन श्री विश्वकर्मा का जन्म हुआ और यह प्रकृति का अद्भुत संयोग है कि नये और आत्मनिर्भर भारत के निमाता, विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म भी ऐसे पावन दिवस पर हुआ है, जिनके नेतृत्व में राष्ट्र तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर है।**

यह बदलाव कैसे हुआ, यदि इस बात पर गौर किया जाये, तो इसके पीछे समस्त देशवासियों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास किया, पीएम मोदी पर विश्वास किया उन्हें सेवा का अवसर दिया और मोदी भी देशवासियों की उम्मीदों पर खरे उतरे, जहां देश में 2जी स्पेक्ट्रम के आवंटन में भी करोड़ों का घोटाला हो जाता था, वहां नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद आज 500 से अधिक जिलों में मोबाइल के लिए 5जी सेवाएं शुरू की जा चुकी हैं, जहां कांग्रेस ने इंदिरा गांधी के जमाने से गरीबी हटाने की बात की और लगातार सिर्फ गरीबी हटाने की बात कहती रही, बल्कि आज भी कहती है, लेकिन इतने सालों में कभी गरीब कल्याण की दिशा में कार्य नहीं किया, वहां सन 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने गरीब कल्याण की दिशा में कई योजनाएं चलायी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की विचारधारा पर चलते हुए देश के गरीब से गरीब व्यक्ति तक मूलभूत आवश्यकताओं की पहुंच सुनिश्चित की। आज स्वच्छ भारत अभियान के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण हो चुका है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत लगभग 80 करोड़ जरूरतमंदों को मुफ्त राशन मिला, आयुष्मान भारत योजना में 5 लाख तक निःशुल्क इलाज की योजना से 40 करोड़ से अधिक लोग जुड़े। किसान सम्मान निधि योजना से लगभग 12 करोड़ किसान लाभान्वित हुए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत देश में 4 करोड़ आवास का निर्माण हुआ। देश में जहां गरीब का बैंकों से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं हुआ करता था, वहां नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री जन धन योजना से लगभग 50 करोड़ गरीब लोगों को जोड़ा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन दिये गये। छत्तीसगढ़ के हमारे आदिवासी समाज के 12 जाति समुदाय के 25 लाख से अधिक लोगों के जाति में मात्रात्मक त्रुटि का सुधार कर उनका संवैधानिक उन्हें दिलवाया। भारतमाला परियोजना, वंदे भारत ट्रेन समेत अनेकों सौगात छत्तीसगढ़ को मिला और इस प्रकार की अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

हमारी मान्यताओं के अनुसार आज ही के दिन निर्माण के देवता भगवान श्री विश्वकर्मा का जन्म हुआ और यह प्रकृति का अद्भुत संयोग है कि नये और आत्मनिर्भर भारत के निर्माता, विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म भी ऐसे पावन दिवस पर हुआ है, जिनके नेतृत्व में राष्ट्र तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर है। पीएम मोदी के रूप में हम सभी एक ऐसे राष्ट्रनायक को देख रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत को गौरवान्वित कर रहें हैं और देश के अंदर भी हर वर्ग के विकास के लिए, हर वर्ग की आत्मनिर्भरता के लिए, राष्ट्र की आत्मनिर्भरता के लिए काम कर रहे हैं, जो छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश को अपना परिवार कहते हैं। ऐसे राष्ट्र पुत्र, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

माता बमलेश्वरी हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन प्रदान करें, ऐसी कामना करता हूं तथा बाबा विश्वकर्मा से प्रार्थना है कि उनके आशीर्वाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी प्रकार विश्व में भारत को गौरवान्वित करते रहें। हम सभी को उनका मार्गदर्शन मिलता रहे और उनके नेतृत्व में हम सभी मिल कर भारत को निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ाते रहें।

**(लेखक : पूर्व मुख्यमंत्री (छत्तीसगढ़ शासन), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (भाजपा) हैं।)**

## रांची की खबरें

## अखिल भारतीय शौंडिक संघ का सम्मेलन 24 सितंबर को संगम गार्डन मोरहाबादी में

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय शौंडिक संघ आगामी 24 सितंबर को रांची के संगम गार्डन मोरहाबादी में सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इसमें देश विदेश और राज्यभर से शौंडिक समाज के लोगों की सहभागिता होगी। इसकी तैयारी की जानकारी शनिवार को रांची स्थित होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी गयी। बताया इस सम्मेलन में नेपाल की समाज विकास मंत्री सुरिता शाह और सांसद धीरज साहू सहित समाज के कई विशिष्ट लोगों की सहभागिता होगी। वहीं कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। वहीं इस मौके पर संजय सरस्वती द्वारा रचित शौंडिक समाज पर आधारित सुडि कथा पुस्तक का विमोचन किया गया। बता दें कि रांची में 1985 में अखिल भारतीय शौंडिक संघ की राष्ट्रीय बैठक शिव प्रसाद साहू के नेतृत्व में आयोजित हुआ था। इसके बाद यह दूसरा मौका है जब संघ के राष्ट्रीय नेता रांची में मौजूद रहेंगे। बताया कि सम्मेलन में मुख्य बिंदुओं में शौंडिक संघ का सामाजिक उत्तरदायित्व, वर्तमान राजनीतिक क्षेत्र में राजनीतिक दलों में हमारी भागीदारी, शौंडिक समाज के युवाओं की दशा और दिशा पर चर्चा की जायेगी। समाज में जरूरतमंद को वैवाहिक सहयोगिता और महिलाओं को संगठित कर जागरूक करने पर कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर संघ के संरक्षक दिलीप गुप्ता, कुमुद प्रसाद साहू, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश साहू, महासचिव उमेश साहू, राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रभारी उदय साहू, मुख्य संयोजक सुनील साहू, संयोजक वीरेंद्र साहू, उप कोषाध्यक्ष कुणाल कुमार बंटी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## सीपीआइ राज्य कार्यकारिणी की बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)।** सीपीआइ राज्य कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय परिषद के सदस्य कन्हाई मल पहाड़िया की अध्यक्षता में राज्य कार्यालय में शनिवार को हुई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से राज्य स्तरीय कार्यक्रमों की योजना बनायी गयी। 28 सितंबर को भगत सिंह के जन्मदिन पर जिला स्तरीय कन्वेंशन, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ भाजपा भगाओ सेमिनार, 3 अक्टूबर को राष्ट्रव्यापी काला दिवस, 7 नवंबर को राजभवन के समक्ष विस्थापन को लेकर धरना, 26 नवंबर को रांची में विशाल रैली निकाली जायेगी। इसके साथ ही आगामी चुनाव में इंडिया गठबंधन को जीत दिलाने के लिए प्रत्येक जिले में प्रभारी नियुक्त किये गये। गिरिडीह में लखनलाल महतो, महादेव, गढ़वा में गणेश सिंह, महेंद्र पाठक, डालटनगंज में महेंद्र पाठक, लातेहार में जितेंद्र सिंह, चतरा में महेंद्र पाठक, महादेव राम, लखन लाल महतो, कोडरमा में भुनेश्वर प्रसाद मेहता, राजेंद्र प्रसाद, बोकारो में भुनेश्वर प्रसाद मेहता, महेंद्र पाठक, रांची में पीके पांडेय, महेंद्र पाठक, गुमला में महेंद्र पाठक, अजय सिंह, जमशेदपुर में भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राजेंद्र प्रसाद यादव, दुमका में कन्हाई मल पहाड़िया, राजेंद्र, पशुपति कॉल, दीप नारायण, जामताड़ा में पशुपति कॉल, महेंद्र पाठक, राजेंद्र, पशुपति कॉल, देवघर में पीके पांडे, महेंद्र पाठक, गोड्डा में महेंद्र पाठक, पशुपति कॉल, साहिबगंज में रामस्वरूप पासवान, दीप नारायण यादव, धनबाद में महेंद्र पाठक, पीके पांडे को प्रभारी बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने, लोकसभा और विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को शिकस्त देने के लिए प्रत्येक जिले में लगातार कार्यक्रम चलाने, केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियां, महंगाई, बेकारी, बेरोजगारी के विरोध में लगातार अभियान चलाने, प्रखंड स्तरीय, जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय भाजपा भगाओ देश बचाओ, लोकतंत्र और संविधान बचाओ के नारे के साथ लगातार कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया।

## रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव भुवनेश्वर के कपिलेश्वर गांव पहुंचे





रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव शनिवार की शाम भुवनेश्वर के कपिलेश्वर गांव पहुंचे और सीधे कुम्हार के घर पहुंचे। वहां उन्होंने कुम्हार के साथ चाक चलायी और खरीदारी कर आनलाइन पेंमेंट भी किया। बता दें कि अपनी यात्रा के दौरान वह रविवार को सुबह 11 बजे रेलवे ऑडिटोरियम, चंद्रशेखरपुर, भुवनेश्वर में विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ के लिए एमएसएमई कार्यक्रम में भाग लेंगे। अश्विनी वैष्णव इस योजना के बारे में कलाकारों और शिल्पकारों से भी बातचीत करेंगे, जो स्थानीय समुदाय और रेलवे उत्साही लोगों के लिए एक उल्लेखनीय क्षण होगा। सफाई और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए अश्विनी वैष्णव लोकल ट्रेन में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करेंगे और भुवनेश्वर से कटक तक यात्रा करेंगे। ट्रेन दोपहर 2:30 बजे भुवनेश्वर से रवाना होगी और कटक तक जायेगी और यात्रियों को मंत्री के साथ बातचीत करने का अवसर मिलेगा। वैष्णव यात्रियों को स्वच्छता अभियान और उसके महत्व के बारे में जानकारी देंगे। वैष्णव कटक रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान में भी भाग लेंगे।

## 79वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन

**रांची (आजाद सिपाही)।** आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुचि रुचि भोग लगाओ बाबा श्याम जी। इस भोग के भजनों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। श्री श्याम मंदिर में 79वां श्री श्याम भंडारा के प्रसाद का भोग अर्पित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान राजेश बबीता चौधरी, अजय रचना चौधरी, रूपेश अनिता चौधरी ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। ज्ञात हो कि प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है। 79वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था। खाटू नरेश की जय घोष से संपूर्ण इलाका गूंजने लगा। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच राजेश चौधरी परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। लगभग तीन हजार से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, राजेश चौधरी, बबीता चौधरी, अजय रचना चौधरी, रूपेश अनिता चौधरी, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल, मोनू, पवन केडिया, पूर्व सांसद अजय मारू, अनिल नारनोली, राजीव रंजन मित्तल, संजय सर्राफ सहित अन्य स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया। 19 सितंबर को खाटू नरेश का विशेष दिव्य श्रृंगार और मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का विशेष श्रृंगार किया जायेगा। इस दिन 68वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का विशेष आयोजन किया गया है। उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का एक दिवसीय महाअधिवेशन

**रांची (आजाद सिपाही)।** शनिवार को झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के द्वारा राज्य स्तरीय एक दिवसीय महाअधिवेशन का गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज रांची में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस महाधिवेशन में संघ के सभी पदाधिकारी, राज्य और जिला कार्यकारणी सदस्यों समेत एक हजार से भी अधिक शिक्षक सम्मिलित हुए। मंथन नामक इस विचारगोष्ठी में विभिन्न शिक्षक समस्याओं के साथ-साथ विद्यालयों में किस प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित किया जा सकता है। इस विषय पर विचार विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और पूर्व शिक्षामंत्री बंधु तिर्की उपस्थिति रहे। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि संगठन के क्रियाकलापों और शिक्षकों के अनुशासन की प्रशंसा की। शिक्षकों को आश्वस्त किया कि सभी मांगों पर वह स्वयं सीएम से चर्चा करेंगे और उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। अंतर जिला स्थानांतरण, शिक्षकों को सभी गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति जैसी समस्याओं पर शीघ्र हल निकाला जायेगा। उन्होंने माना कि शिक्षकों की समस्याओं का ससमय और प्राथमिकता से समाधान होना आवश्यक है। सरकार इसपर गंभीर है। विधायक अंबा प्रसाद ने शिक्षकों से कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का निदान उनकी प्राथमिकता होगी। वह व्यक्तिगत प्रयास करेंगी कि प्रोन्नति, अंतर जिला स्थानांतरण और अन्य सभी समस्याओं का समाधान शीघ्र निकले। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से आठ सूत्री प्रस्ताव पारित किया गया और तत्संबंधी ज्ञापन उपस्थित अतिथियों और पदाधिकारियों को दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू ने कहा कि हममें से प्रत्येक शिक्षक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु कटिबद्ध हैं, परंतु यह शिक्षकों के समस्याग्रस्त और तनावग्रस्त रहते संभव नहीं है।

## आरयू में विभिन्न प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



**रांची (आजाद सिपाही)।** अंतराष्ट्रीय सूक्ष्मजीव दिवस (17 सितंबर) के अवसर पर रांची विश्वविद्यालय, रांची के स्नातकोत्तर बॉयोटेकनोलोजी, स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग, आईक्युएससी, रांची विश्वविद्यालय, रांची और माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी, इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 13 से 16 सितंबर चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें अलग-अलग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर बॉयोटेकनोलोजी, बॉटनी, जूलॉजी और पर्यावरण विज्ञान के छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिता में रंगोली आर्ट प्रतियोगिता, पोस्टर मॉडल प्रतियोगिता, निबंध और स्पीच प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण इत्यादि शामिल थे। इस कार्यक्रम के समापन समारोह में रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा के द्वारा सभी विजेताओं को पुस्कृत किया गया और प्रत्येक प्रतिभागियों को ग्यारह - ग्यारह सौ रूपया प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्वेता नाग, विवरण प्रस्तुति ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ लाडली रानी और डॉ रूपा वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुनील कुमार झा ने किया। इस मौके पर विशाल कुमार सिंह को बेस्ट पौरफरमर पुस्कार दिया गया। माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी, इंडिया के तरफ से तीन एकेडमिक अचीवर, एक स्पोर्ट अचीवर और माइक्रोबायोलोजी बेस्ट प्रोजेक्ट वर्क अचीवर पुस्कार छात्रों को दी गयी। इस कार्यक्रम में सह निदेशक वोकेशनल स्टडी, डॉ स्मृति सिंह, डीन साइंस सह एचओडी बॉटनी डॉ कुनूल कांडिर, एचओडी जूलॉजी डॉ बंदना कुमारी, स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान, जूलॉजी, बॉयोटेकनोलोजी विभाग के सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र - छात्राएं शामिल हुईं।

## रांची विवि में कुडुख लिटरेरी सोसाइटी ऑफ इंडिया झारखंड चैप्टर की बैठक हुई



**रांची (आजाद सिपाही)।** स्नातकोतर कुडुख विभाग रांची विश्वविद्यालय, रांची में कुडुख लिटरेरी सोसाइटी ऑफ इंडिया झारखंड चैप्टर की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ हरि उरांव ने की। विदित हो की 30 सितंबर, 1, 2 अक्टूबर को कोलकाता में कुडुख लिटरेरी सोसाइटी ऑफ इंडिया नयी दिल्ली के तत्वाधान में त्रिदिवसीय कुंडुख भाषा का राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। डॉ हरि उरांव ने कि बताया सोसाइटी भाषा - साहित्य को लेकर पूरे देश में काम कर रही है और प्रत्येक वर्ष अलग - अलग राज्यों में कुड़ुख भाषा को लेकर राष्ट्रीय सम्मेलन और चार वर्ष में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन करती है। चैप्टर अध्यक्ष बिरेंदर उरांव ने बताया कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के कुडुख साहित्यकार, प्रोफेसर, शिक्षक, शोधार्थीगण और छात्र- छात्राएं लगभग 200-250 कि संख्या में भाग लेंगे। सम्मेलन में सोसाइटी द्वारा प्रकाशित कुडुख डहरें शोध पत्रिका का विमोचन भी किया जाता है। साथ ही बेस्ट पीएचडी अवार्ड, बेस्ट साहित्यकार को पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हरि उरांव, झारखंड चैप्टर अध्यक्ष बीरेंद्र उरांव, डॉ वंदे खलखो, कुड़ुख झारखंड शिक्षक संघ के अध्यक्ष पंकज कुजूर, फेकुवा, जोहे भगत, लक्ष्मन, कृष्णा, पूजा, संजू, फूलदेव, राकेश, सुजीत, नीपुल, पूर्णिमा, वीणा, प्रियंका और विभाग के छात्र-छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

## खलारी के हुटाप में वज्रपात के प्रभाव में आकर चार घायल, सभी लोग सुरक्षित



**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हुटाप में शनिवार को वज्रपात के झटके से एक महिला, दो किशोरी व एक बालक घायल हो गए। चारों का इलाज सीसीएल के डकरा स्थित सेंट्रल अस्पताल में किया जा रहा है। एक को थोड़ी ज्यादा चोट लगी है। शेष सभी खतरे से बाहर हैं। चारों एक ही परिवार के हैं। जानकारी के अनुसार हुटाप निवासी महिला क्रांति देवी, 11वीं की मोनिका कुमारी, 9वीं की पूजा कुमारी के साथ एक दूधमुहे बच्चे को गोद में लिए राजकीय मध्य विद्यालय हुटाप के निकट मैक्लुस्कीगंज-पतरातू रोड से पहाड़ी पर अपनी बकरी लाने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते के अगल बगल के महुआ पेड़ों पर वज्रपात हुआ। जिसके झटके से चारों जमीन पर गिर गए। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण वहां दौड़े। हुटाप निवासी श्याम लोहरा ने तुरंत सभी को अपने वाहन से डकरा अस्पताल पहुंचाया। जहां तत्काल इलाज शुरू किया गया। घायलों में पूजा को ज्यादा चोट लगी है।

## लंबित समस्यायों से कराया गया अवगत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ रांची के जिला अध्यक्ष सफदर इमाम और सचिव मुकेश कुमार सिंह ने जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश केरकेट्टा एवं विभाग कार्यालय के कर्मियों से मिलकर जिले के माध्यमिक शिक्षकों के लंबित विभिन्न समस्यायों के निराकरण को लेकर चर्चा किया। इस दौरान नवनियुक्त शिक्षकों के वेतन में हो रहे विलंब को दूर करने के लिए संगठन की तरफ से सुझाव दिया गया। जिसे जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अमल करने की सहमति जताई। उन्होंने कहा कि हाल में स्थापना के बैठक में लिए गए निर्णय जिसमें शिक्षकों के पदस्थापना और प्रतिनयुक्ति के बाद त्वरित गति से निष्पादन कर सेवा संपुष्टि और नव नियुक्त शिक्षकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया को जल्द ही निष्पादित किया जाएगा। साथ ही जो भी विभागीय समस्याएं लंबित हैं उन सभी पर विचार कर निपटारा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में प्रमंडलीय संयोजक कुर्बान अली, उपाध्यक्ष भवेश महतो, कोषाध्यक्ष मोहन लाल महतो सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा की बैठक में स्थापना दिवस में शामिल होने का निर्णय



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा की बैठक चूरी दक्षिणी पंचायत भवन में शनिवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता सुनील यादव और संचालन जगरनाथ महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, रंथू उरांव, अमृत भोगता एव प्रभाकर गंझू उपस्थित थे। बैठक में 21 सितंबर को अंबेडकर पार्क डकरा में रैयत विस्थापित मोर्चा का 13वें स्थापना दिवस को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए डकरा शाखा के सभी गांव से रैयत विस्थापित सैकड़ों की संख्या में स्थापना दिवस में शामिल होने का निर्णय किया गया। इस मौके पर श्याम जी महतो, संतोष महतो, भोला यादव, वीरेंद्र यादव, विजय यादव, रविन्द्र यादव, राजू यादव, बजरंग महतो, गणेश यादव, मनदीप यादव, अरुण यादव, अमित यादव, उमेश यादव, संजय यादव, मेघनाथ यादव, मनोज यादव, प्रयाग यादव, प्रदीप यादव, कमलेश यादव, अनिल यादव आदि ग्रामीण उपस्थित थे। इधर मोर्चा की एक बैठक ककोरियाटांड़ स्थित पंचायत सचिवालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता राजेश तुरी और संचालन आनंद तुरी ने किया। बैठक में मोर्चा के 21 सितंबर के स्थापना दिवस को सफल बनाने एवं बेरोजगारी एवं अन्य विभिन्न मुद्दों पर हुई। निर्णय लिया गया कि ककोरिया टांड़ से भी काफी संख्या में रैयत विस्थापित स्थापना दिवस में शामिल होंगे। इस बैठक में रमेश गंझू, कमलेश तुरी, आनंद तुरी, संजीत तुरी, हरिचरण तुरी, मुकेश तुरी, किशुन तुरी, गणेश तुरी, पूनम देवी, लीला देवी, शांति देवी, गुड़िया देवी, सीता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## भगवान बिरसा मुंडा चैलेंजर फुटबॉल टूर्नामेंट 28 से, कमेटी गठित, कजरू भोगता बने अध्यक्ष

**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग पंचायत भवन में फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मुखिया संतोष महली एवं संचालन पंचायत समिति सहदेव महली ने किया। धमधमिया में भगवान बिरसा मुंडा चैलेंजर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 28 सितंबर से शुरू किया जा रहा। जिसमे इंट्री फी 5000 रुपये रखा गया है। वहीं प्रथम पुरस्कार नगद राशि 50,000 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार नगद राशि 30, 000 रुपए रखा गया है। टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमे संरक्षक मुखिया संतोष महली, पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह, रोहिणी पीओ जेके सिंह, पिकेट प्रभारी पुरुषोत्तम भगत, अध्यक्ष कजरू भोगता, उपाध्यक्ष बहूरा मुंडा, लालू मुंडा, नंदकिशोर उरांव, वीरेंद्र उरांव, प्रदीप सिंह, सचिव पयहारी भगत, सह सचिव गणेश मोदी, अभय नारायण राम, दिनेश्वर सिंह, हरिवंश मुंडा, कोषाध्यक्ष सूरज लोहरा, सह कोषाध्यक्ष दिलू कुमार, बंटी सिंह, प्रताप मुंडा के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में पुरुषुत्तोम गंझू, आजाद कुमार, रजनीश, आयुष, उमेश लोहरा, दारा सिंह, मुन्ना, कोलेष्वर उरांव, मोहित, सुनील, बलराम, के.के सिंह, नरेश, राहुल, सुमित, रवि, शुभम, पप्पू, प्रदीप, छोटू आदि शामिल है।

## तोरपा में वज्रपात से महिला की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र के सुंदारी उरलू टोली में शनिवार को वज्रपात की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। उसकी पहचान सुकरमनी देवी (60) के रूप में हुई है। वह इस दिन खेत में धन की निकौनी कर रही थी। तभी हल्की बारिश के बाद आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। पति किष्टो महतो ने बताया कि खेत में खेत में निकाई करने गई थी। गांव के समाजसेवी गंझू प्रधान ने बताया कि मृतक सुकरमनी देवी की तीन बेटियां और एक बेटा है।

### कार्रवाई : दशकीर देवी हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

# नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अड़की के डेली सरजोम गांव निवासी दशकीर देवी नामक वृद्ध महिला की एक सप्ताह पूर्व हुई हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने उसी गांव के जिसिंह मुंडा (32) और सनिका हस्सा (22) नामक दो आरोपितों को गिरफ्तार करने के साथ ही एक किशोर को निरूद्ध किया है। इसकी जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। हत्या का कारण अंधविश्वास बताया जा रहा है। बताया गया कि मुख्य आरोपित जिसिंह मुंडा की छोटी बेटी गंगा हस्सा की मृत्यु करीब एक साल पहले बीमारी से हुई थी। बेटी की असामयिक मृत्यु पर जिसिंग मुंडा को शक था कि दशकीर देवी ने उसकी बेटी को कटहल के साथ कुछ खिला दिया था। जिस कारण उसकी बेटी की मौत हो गई। इसी अंधविश्वास के कारण आरोपित जिसिंह मुंडा ने दशकीर देवी की हत्या की योजना बना डाली और 10 सितंबर की देर शाम जब दशकीर देवी बाजार से करील बेचकर अपने घर लौट रही थी, तभी निर्जन और जंगली क्षेत्र में जिसिंह मुंडा ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर उसकी पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून लगा पत्थर बरामद कर लिया गया है। हत्याकांड के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में गठित एसआइटी में अड़की थाना प्रभारी इकबाल हुसैन, अड़की थाना के एसआई मनोज तिर्की, उत्तम कुमार, तेज नारायण राव और अर्जुन कुमार सिंह के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देते खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार व अन्य।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री ने मृतक परिवार को खाद्य सामग्री देकर किया सहयोग



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप कुमार वर्मा के सौजन्य से मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के चिनाटांड में मृतक परिवार को खाद्य सामग्री दिया गया। चिनाटांड निवासी किस्मतिया देवी की असामायिक निधन के बाद उनके परिजनों के समक्ष परेशानी हो गयी थी। भाजपा के मंडल महामंत्री अनिल कुमार गंझू ने प्रदेश महामंत्री को इसकी जानकारी दी तो उन्होंने खाद्द सामग्री मुहैया कराया। भाजपा रांची जिला ग्रामीण महामंत्री प्रीतम कुमार साहु, जितेंद्र भारतीय, शशि प्रसाद साहु, अनिल गंझू, राजेश गंझू, रमेश गंझू, गुड्डू गंझू, महेंद्र गंझू की उपस्तिथि में खाद्य सामग्री दिया गया।

## विद्यालयों में शिक्षकों और सुविधा की कमी का प्रतिवेदन दें अधिकारी: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय सर्वे टीम की बैठक शनिवार को हुई। डीसी ने जिले के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और आवासीय तथा डे बोर्डिंग सेंटर में शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सुधार और आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए सर्वे टीम का गठन जिला और प्रखंड स्तर पर किया है। जिला स्तरीय सर्वे टीम ने अड़की प्रखंड के 11 विद्यालयों और दो डे बोर्डिंग सेंटर, कर्रा प्रखंड के 14 विद्यालयों और दो डे बोर्डिंग सेंटर, खूंटी प्रखण्ड के 14 विद्यालयों और तीन डे बोर्डिंग, जबकि दो आवासीय प्रशिक्षण सेंटर, मुरहू प्रखण्ड के 10 विद्यालयों और एक डे बोर्डिंग सेंटर, रनिया प्रखण्ड के सता विद्यालयों और तोरपा प्रखण्ड के 12 विद्यालयों और दो डे बोर्डिंग सेंटर का स्थल भ्रमण कर विद्यालयों एवं सेंटर का प्रतिवेदन तैयार किया। इस दौरान विद्यालयों एवं सेंटर में नामांकन, शिक्षकों की उपलब्धता, पठन-पाठन की अद्यतन स्थिति, विद्युत, पेयजल की उपलब्धता, खेल सामग्री की उपलब्धता, आधारभूत सरंचना की उपलब्धता और उनके सुद्दढ़ीकरण की समीक्षा की गई। डीसी ने माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की आवश्यकता का आकलन करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित सभी टीम को निर्देशित किया गया कि प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों की आवश्यकता का आकलन कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।



## सरकार लूट-खसोट और भ्रष्टाचार को दे रही है बढ़ावा : कोचे मुंडा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के जोगी सोसो गांव में शनिवार को 100 केवी ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का ट्रांसफॉर्मर कई दिनों से खराब था। इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों को दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विधायक कोचे मुंडा को दी। जिसके बाद विधायक ने विभाग के विद्युत अभियंता को अविलंब ट्रांसफॉर्मर लगाने का निर्देश दिया। गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार लूट खसोट और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। यही कारण है कि लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि राज्य की निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा ने संकल्प यात्रा निकाली है। तोरपा में 21 सितंबर को संकल्प यात्रा पहुंचेगी और वहां जनसभा का आयोजन किया जाएगा। विधायक ने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लें। मौके पर भाजपा तोरपा मंडल के अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी, भगीरथ राय, दीपक तिग्गा, विनय गुप्ता, महावीर साहू, छुनकु पाहन सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



## प्रयास जारी है कि आनेवाली पीढ़ी शहीदों को ना भूले : विकास मुंडा



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का उद्घाटन विधायक विकास कुमार मुंडा ने किया। उन्होंने कहा कि देश में शहीदों का सम्मान के तौर पर भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति का पूजन एवं अनावरण किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी शहीदों को ना भूले यह प्रयास जारी रहेगी। इस अवसर पर शहीदों के शिलापटकर पुष्प माला अर्पित किया गया। मौके पर बुंडू एसडीओ, जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल, बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिया, प्रमुख सीमा देवी, बीडीओ संध्या मुंडू, सीओ राजेश डुंगडुंग, बुंडू अस्पताल प्रभारी डॉ दिलीप पासवान, थाना प्रभारी संजीव कुमार, द्रौपदी मुंडा, शिबजन मुंडा सहित सभी पंचायत के मुखिया पंचायत समिति आदि उपस्थित थे।

### अव्यवस्था देख विधायक ने किया स्वास्थ्य मेले का बहिष्कार

# स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर खानापूर्ति कर रहा स्वास्थ्य विभाग : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को तोरपा प्रखंड के मरचा गांव में आयोजित स्वास्थ्य मेले की अव्यवस्था को देखकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कोचे मुंड ने कार्यक्रम का बहिष्चार कर दिया। इस संबंध में विधायक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरचा गांव में शनिवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में उन्हें आमंत्रित किया गया था। वे दोपहर 1.30 बजे स्वास्थ्य मेला में पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सकर्मियों के अलावा कोई नहीं था। सभी स्टॉल खाली थे। कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य मेला में नहीं आया था। जानकारी लेने पर बताया गया कि क्षेत्र में ग्रामीणों को मेला के बारे में सही सूचना ही नहीं दी गई थी। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों को भी कार्यक्रम की सूचना नहीं दी गई थी। विधायक ने कहा कि इसी कारण उन्होंने कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। विधायक ने कहा कि यह राज्य सरकार की उपेक्षा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवा के लिए 168 करोड़ रुपये की राशि राज्य सरकार को दी गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। कहा कि राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग सरकारी राशि की बंदरबांट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य मेला में जो भी व्यय होगा, उसका वहन जिला स्वास्थ्य विभाग करे। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य मेले के लिए प्रशासन द्वारा कोई राशि उपलब्ध नहीं कराई गई थी। विधायक ने कहा कि उन्होंने इसकी सूचना उपायुक्त और विभाग के सचिव को दे दी है।



### महत्वपूर्ण न्यूज

## बालेश्वर प्रसाद की 15वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पूर्व शिक्षक, प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख, हेसातु पंचायत के पूर्व मुखिया एवं जशपुरिया कॉलेज के संस्थापक स्व. बालेश्वर प्रसाद की 15वीं पुण्यतिथि जशपुरिया बीएड कॉलेज परिसर में मनाई गई। इस अवसर पर उनके पुत्र कॉलेज के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पोती शालिनी प्रिय, बीएड के प्रोफेसर सरिता सिंह, सरिता शर्मा, उषा मिंज, विभा कुमारी, शशिप्रभा, रानी, महफूज जशपुरिया पब्लिक स्कूल के संजीव, प्रियंका बड़ाइक, बसंती बड़ाइक, बिरेंद्र ठाकुर, काजल गोस्वामी आदि के साथ सभी बच्चे शामिल हुए एवं उनकी जीवनी पर चर्चा करते हुए उनके द्वारा बताये गये राह पर चलने की बात कही। साथ ही दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी।

## बीमार पड़ने पर ओझा-गुणी के चक्कर में न पड़ें, डॉक्टर से इलाज करायें : सत्यजीत



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** हेल्प ए चाइल्ड वीमेन संस्था रनिया के तत्वावधान में शनिवार को रनिया में ह्यूमन ट्रैफिकिंग, डायन बिसाही कुप्रथा और सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए रनिया के थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक सत्यजीत कुमार ने कहा कि डायन बिसाही कुप्रथा सिर्फ अंधविश्वास के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी को डायन कहकर प्रताड़ित करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ऐसे अंधविश्वासों पर विश्वास न करें और बीमार पड़ने पर ओझा-गुणी के चक्कर में न पड़कर डॉक्टर से इलाज करायें। सत्यजीत कुमार ने कहा कि माननव तस्करी की सूचना पुलिस या मुखिया अथवा सरकारी अधिकारियों को दें। थाना प्रभारी ने कहा कि रोजगार की तलाश में बाहर जाते हैं, तो इसकी सूचना अपनी पंचायत और प्रशासन को जरूर दें।

## मुखिया संघ का पुनर्गठन, मनोज मुंडा बने अध्यक्ष

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत सचिवालय बारूहातु में शनिवार को सोनाहातू मुखिया संघ की बैठक हुई। जिसमें विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की गयी। इस दौरान सर्वसम्मति से मुखिया संघ को निरस्त करते हुए नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मनोज सिंह मुंडा अध्यक्ष, दीनीबंधु सिंह मुंडा उपाध्यक्ष, विकास सिंह मुंडा सचिव का चयन किया गया। बैठक में सभी 14 पंचायत के मुखिया मौजूद थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक में स्थापना दिवस को सफल बनाने का लिया गया निर्णय



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा कोर कमेटी की जरूरी बैठक बचरा बसंत विहार में हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष इकबाल हुसैन और संचालन क्षेत्रीय सचिव रामचंद्र उरांव ने किया। बैठक मे केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर 21 सितंबर को एनके एरिया के डकरा में होने वाले मोर्चा के 13वां स्थापना दिवस को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की सफलता को लेकर दिवाल लेखन, प्रचार प्रसार ग्रामीण एवं पुनर्वास क्षेत्रों में जनसंपर्क करने सहित कई बातों पर चर्चा की गई। बैठक में पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में सलीम जावेद, सूरज मुंडा, इदरीस अंसारीं, मो जूलफान, प्रेमचंद कुमार, सुखदेव राम, इंद्रजीत उरांव, दिरपाल भगत, आनन्द करमाली, रोहन महतो आदि मौजूद थे।

## खूंटी में 10 अक्टूबर तक चलेगा चलो करें आवास पूरा अभियान

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के रनिया प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी, रनिया की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत चलो करें आवास पूरा अभियान को लेकर बैठक की गई। जिला प्रशासन की ओर से जारी विज्ञाप्ति में बताया गया कि यह अभियान 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य अपूर्ण आवासों को पूर्ण करना, लाभुक को आवास पूर्ण करने कें लिए प्रेरित करना और सहायता उपलब्ध कराना है। इस मौके पर पंचायत के जनप्रतिधियों से उक्त अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने अपील की बीडीओ ने की। संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की खूंटी जिला और प्रखंड कमेटी का गठन

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** नगर भवन में शनिवार को जिला स्तरीय अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का आयोजन हुआ। जिसकी अधघ्यक्षता प्रदेश संरक्षक मंधीरन महतो ने की। कुशवाहा समाज के लोगों ने लव-कुश जयंती मनायी। महासभा में बतौर मुख्य अतिथि कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो और विशिष्ट अतिथि दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के संगठन विस्तार प्रभारी चुड़ामणि महतो उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज में व्याप्त राजनीतिक सामाजिक, शैक्षाणिक तथा आर्थिक कमियों को दूर करने के लिए एक मजबूत तथा संगठित समाज का निर्माण करना जरूरी है। समाज आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठित होकर अच्छी सरकार के निर्माण में योगदान देंगे। उन्होंने समाज को दहेज प्रथा, नशाखोरी, अशिक्षा जैसी बुराइयों को त्याग करने पर पहल करनी होगी। मौके पर महासभा की खूंटी जिला कमेटी और कर्रा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिला कमेटी में जिलाध्यक्ष बजरंग महतो, उपाध्यक्ष अंजय महतो, सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष सुनील महतो, जिला संरक्षक जलेश्वर महतो, रामावार महतो, बालकिशुन महतो, जितेंद्र महतो, रामसेवक महतो बनाये गये। जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष रीझू महतो का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। कर्रा प्रखंड कमेटी में अध्यक्ष आशीष मेहता, उपाध्यक्ष मनोज महतो, सचिवव ओम प्रकाश महतो और कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर महतो को बनाया गया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 17 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in
08

# लूट की नौ बाइक के साथ एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर लूट की 9 मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी मो जाहिद उर्फ पप्पु पिता मो जैनूल आबेदिन ओल्हेपाट थाना बालूमाथ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए शनिवार को प्रेस वार्ता में बालूमाथ थाना प्रभारी सब पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार कुमार ने बताया कि 15/09/023 को बालूमाथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बालूमाथ चंदवा मुख्य मार्ग पर मकईयाटांड़ पुलिस पीकेट के पास वाहन चेकिंग किया जा रहा था। वाहन चेकिंग के क्रम में चंदवा की ओर से एक बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति तेज गति से आ रहे थे। पुलिस बल द्वारा उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। जिसके बाद बाईक सवार बाईक को पीछे कर वापस चंदवा की ओर भागने लगे तत्पश्चात सशस्त्र बल द्वारा दौड़कर बाईक चला रहे व्यक्ति को बाईक सहित पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति मो जाहिद उर्फ पप्पु पिता मो जैनूल आबेदिन ओल्हेपाट के निशानदेही पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानो पर छापामारी कर चोरी का 9 मोटरसाइकिल बरामद किया गया। बरामद किये गये मोटरसाइकिलों में एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल 3, हीरो कंपनी का ग्लैमर मोटरसाइकिल 2, टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल 1, हीरो कंपनी का सुपर स्प्लेंडर 1, हीरो कंपनी का पैशन प्रो मोटरसाइकिल 2 शामिल है। इस छापामारी अभियान में पुनि सह थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार बालूमाथ थाना, पुअनि नीतीश कुमार बालूमाथ थाना, पुअनि धीरज कुमार बालूमाथ थाना, पुअनि दूती कृष्णा महतो बालूमाथ थाना, सअनि संजय चौधरी बालूमाथ थाना और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। इस संबंध में बालूमाथ थाना में कांड संख्या 130/023 दिनांक 15/9/23 धारा 414/120बी भादवी दर्ज किया गया है। चोरी मे शामिल अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए बालूमाथ थाना पुलिस छापामारी करने में जटी हुई है।

## देवस्थल में 19 से 23 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जायेगा गणेश उत्सव



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम के साथ गणेश उत्सव मनाया जायेगा। गणेश उत्सव आगामी 19 सितंबर से 23 सितंबर तक देव स्थल प्रांगण में भव्य पूजन उत्सव और भंडारे का आयोजन गणेश उत्सव समिति के द्वारा किया जायेगा। इसके लिए बैठक आयोजित कर सर्व समिति से एक कमेटी का भी गठन किया गया है। जिसमें श्रेयांश सिद्धार्थ को अध्यक्ष, राजकुमार यादव, अरविंद वर्मा, संजय साहू, पप्पू पहलवान को उपाध्यक्ष, शुभम कुमार गुप्ता को सचिव, हेमंत राय, सूरज गुप्ता, करण साहू, मोनिट कुमार बिट्टू को कोषाध्यक्ष, राजीव कुमार और नीरज कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## बच्चों की प्रतिभा को मुकाम देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जायेगा: अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राउ उच्च विद्यालय जिंगी, कुडू के कराटे खिलाड़ियों का दल सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर से गोल्ड मेडल सहित कई मेडल और प्रशस्ति पत्र जीतकर वापस लौटा था। आज विद्यालय के कराटे खिलाड़ी अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा से मिले और आशीर्वाद लिया। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स लिमिटेड ऑफ जयपुर, राजस्थान 8 से 12 सितंबर तक आयोजित ' खेल कराटे लीग चैंपियनशिप 2 ' में विद्यालय की रानी कुमारी गोल्ड मेडल सहित कई सिल्वर और ब्रांज मेडल पर कब्जा जमाया था। आज खिलाड़ियों से मिलकर अनमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने बच्चों को हार्दिक बधाई और शुभकामना देते हुए उनके सफल जीवन की कामना की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वरीय पदाधिकारियों से बात कर इस खेल के लिए जरूरी सामग्री विद्यालय को उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास करेंगे। मौके पर कोच देवंती कुमारी और विनय कुमार मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री ने प्रखंड के हेठली गांव का किया दौरा



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। शनिवार को पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी बरवाडीह प्रखण्ड के मोरवाई पंचायत क्षेत्र अंतर्गत हेठली गांव का दौरा किया। और ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी जनबुनियादी सुनने का कार्य किया। जहां इस दौरान ग्रामीणों ने बरवाडीह से मंडल के मुख्य मार्ग पर लंबे से समय से सड़क गड्ढे मे तब्दील हो गया हैं। इन गड्ढों को समय से न भरे जाने की वजह से यहां काफी सड़क पूरी तरह से गड्ढों में गुम हो गयी है। इस सड़क को जल्द बनवाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री को आने वाले लोकसभा चुनाव में चतरा से चुनाव लड़ने की अपील की साथ ही कहा आपके जैसा ही नेता की इस क्षेत्र को जरूरत है। मौके पर रंजीत राजू, अनिता देवी, मोहन सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लंबित प्रधानमंत्री आवास पर ध्यान दे और लक्ष्य को पूर्ण करें : बीडीओ



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड कार्यालय कक्ष में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में मुखिया, स्वयंसेवक, वार्ड सदस्य और मेट के साथ अपूर्ण पीएम आवास को लेकर बैठक किया गया। आयोजित बैठक के दौरान अर्धनिर्मित और अपूर्ण अवस्था मे लंबित पीएम आवास पर प्रकाश डालते हुए अपूर्ण आवास का जायजा लिया गया। उक्त बैठक जिला उपायुक्त द्वारा चले आवास पूरा करें आयोजन किया गया। अर्द्धनिर्मित आवास को 15 दिनों में लाभुक से पूर्ण करवाने पर जोर दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि जिस लाभुक को निलाम पत्र निर्गत नही किया गया है। वैसे लाभुक को चिन्हित कर नीलामी पत्र भेजे। आज के समय में 325 लाभुक आवास निर्माण कार्य में रुचि नही ले रहें है। वैसे लाभुकों को जागरूक करते हुए आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर मुखिया शोभा देवी, धनवाज उराँव, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरजा भगत के अलावे वार्ड सदस्य, स्वयंसेवक और सभी मेट उपस्थित थे।

## केंद्रीय ऊर्जा सचिव ने आरा में जल्द शैलो निर्माण कार्य का निर्देश एनटीपीसी को दिया



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। केंद्रीय ऊर्जा सचिव पंकज कुमार अग्रवाल ने सीसीएल की मगध कोल परियोजना के आरा स्थित मे निमार्णाधीन कन्वेयर बेल्ट (शैलो) का जायजा लिया। तथा सीसीएल को सहयोग के लिए बालूमाथ सीओ अफताब आलम के मौजूदगी मे बालूमाथ प्रखंड सहित लातेहार जिला प्रशासन की जमकर तारिफ किया। केंद्रीय ऊर्जा सचिव के साथ ज्वाइंट सेक्रेटरी थर्मल पीयूष सिंह, एनटीपीसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर उज्जल कांति भट्टाचार्य, फ्यूल डायरेक्टर शिवम श्रीवास्तव भी शामिल थे। ऊर्जा सचिव ने निर्माणाधीन कन्वेयर बेल्ट का जायजा लेने आरा चमातु पहुंचे। इस दौरान उर्जा सचिव ने कन्वेयर बेल्ट का निर्माण शीघ्र कराने का निर्देश दिया। बताया गया कि सीसीएल के मगध परियोजना से कन्वेयरबेल्ट से कोयला आपूर्ति होना है। कर्णपुरा प्लांट से कामर्शियल उत्पादन तो शुरू कर दिया गया है। जबकि कन्वेयर वेल्ट के बजाय प्लांट में कोयला हाइवा व ट्रक के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है। केंद्रीय ऊर्जा सचिव कन्वेयर बेल्ट का जायजा लेने के बाद सीसीएल के मगध कोल परियोजना के कुंडी स्थित पीओ कार्यालय में सीसीएल के डायरेक्टर व जीएम के साथ प्रोजेक्ट को गति देने की मंत्रणा की। बाद में वे प्लांट आये और यूनिट-टू से कमर्शियल बिजली उत्पादन शुरू करने पर जोर दिया। मौके पर बालूमाथ सीओ अफताब आलम, मगध महाप्रबंधक निपेंद्र, पीओ, मैनेजर सहित दर्जनो लोग उपस्थित थे

## ग्रामीण चलों करें आवास पूरा अभियान को लेकर बीडीओ ने की बैठक



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड सह कार्यालय परिसर के सभागार कक्ष में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के अध्यक्षता में ग्रामीण चलों करें आवास पूरा अभियान के तहत बैठक कर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुको को जल्द आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित करने की बात कही गयी। बैठक में मौजूद पंचायत सचिव, मुखिया, प्रखंड समन्वयक, स्वयंसेवक को निर्देश दिया गया कि सभी लाभूको के घर घर जाकर दस अक्टूबर तक अधुरे पड़े आवास पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## त्यौहार और मेला के आयोजन से आपसी प्रेम भाईचारा और सौहार्द्र कायम होता है : बीडीओ

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँडू में चेहल्लुम मेला कमिटी द्वारा चेहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। मौके पर समाज सेवी तौफिक अंसारी, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी अभिनव कुमार, 20सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम,कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी को पगड़ी पोसी कर सम्मानित किया गया।

# पोषण माह में की जा रही गतिविधियों में गुणवत्ता रहनी चाहिए : उपायुक्त

**भोजन प्रतियोगिता, मिलेट्स सहित आदिवासी भोजन पर जागरूकता अभियान चालाया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषण माह-2023 के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज कल्याण कार्यालय, लोहरदगा की ओर से राष्ट्रीय पोषण माह-2023 अंतर्गत किये जा रहे क्रियाकलापों से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा सीता पुष्पा को निदेश दिया गया कि पोषण माह में किये जा रहे गतिविधियों में गुणवत्ता रहनी चाहिए। उसकी रूपरेखा ऐसा बनायें कि पोषण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य पूरा हो सके। सभी आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका को भी पोषण से जुड़ी प्रत्येक जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। सभी संबंधित विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन करें और इस कार्यक्रम को सफल बनायें।

राष्ट्रीय पोषण माह-2023 अंतर्गत सितंबर में 1-30 सितंबर 2023 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 17 से 19 सितंबर तक आंगनबाड़ी स्तर पर और आसपास के जल स्त्रोतों की सफाई, स्थानीय निकायों-पंचायती राज संस्थाओं/महिला समितियों के साथ जल संरक्षण पर संवेदीकरण, आंगनबाड़ी स्तर पर योग शिविर का आयोजन किया जायेगा।

20 से 23 सितंबर तक मिलेट्स पर केंद्रित आंगनबाड़ी केंद्र में भोजन प्रतियोगिता, मिलेट्स सहित आदिवासी भोजन पर जागरूकता अभियान चालाया जायेगा। समापन के मौके पर 30 सितंबर को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमण्डल अनुप हांसदा, सभी सीडीपीओ, सभी महिला पर्यवेक्षक, विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि समेत गणमान्य उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल सह समापन समारोह आज

आजाद सिपाही संवाददाता




**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के सेमरडीह खेल मैदान में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के मार्गदर्शन पर युवा सद्भावना मंच की ओर से तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ किस्को थाना के थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो, स्थानीय खरकी पंचायत की मुखिया चांदमनी उरांव एवं पंचायत समिति सदस्य मुसर्रत नाज के द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इसके बाद शुभारंभ मैच युवा सद्भावना मंच सेमरडीह और भगत ब्रदर्स टीम के खेला गया। जिसमें दोनों टीम मैदानी खेल में 1-1 की बराबरी पर होने के कारण पैनाल्टी से निर्णय किया गया। जिसमें भगत ब्रदर्स ने सेमरडीह को पेनाल्टी में (1-0) से हराकर अगला चक्र में प्रवेश किया। मौके पर थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो ने खिलाड़ियों के बेहतर खेल की सराहना करते हुए कहा कि युवा खेल से जुड़े और आगे बढ़कर क्षेत्र का नाम रोशन करें। वहीं युवा सद्भावना मंच द्वारा बताया गया कि फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण मौजूद रहेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां और अन्य अतिथि रहेंगे। इधर प्रतियोगिता में कुल 24 टीम भाग ली और अपना प्रदर्शन किया। मौके पर वार्ड सदस्य लीलू उराँव, पूर्व चौकीदार रोजामत, पहान एतवा भगत, तबारक हुसैन, मुन्ना टाना भगत, मुस्तफा, गुलाम हसनैन सहित अन्य मौजूद थे।

## राम सुंदर सिंह की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



मनिका (आजाद सिपाही)। प्रखंड के रामसुंदर सिंह आवासीय विद्यालय सिंजो मे शनिवार को मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के पिता स्वर्गीय रामसुंदर सिंह का 14 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय रामसुंदर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। उक्त शिविर में रांची के प्रसिद्ध डॉक्टर अभिषेक रामदीन और उनके टीम के द्वारा सैकड़ो लोगों का नि:शुल्क इलाज किया गया। डॉक्टर अभिषेक रामदीन ने कहा कि पूर्व विधायक श्री सिंह ने अपने पिता के याद में इस तरह का सेवा का कार्य कर रहे हैं यह काफी सराहनीय है।

# चपरी के डीलर के खिलाफ कार्डधारियों के साथ धरने पर बैठी जिप सदस्य, बीडीओ ने कराया धरना समाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छेचा पंचायत के चपरी ग्राम के जनवितरण प्रणाली केंद्र के संचालक नागेश्वर राम के द्वारा कार्ड धारकों के पर्ची निकाले जाने के बाद भी जुलाई अगस्त और सितंबर माह राशन वितरण नहीं देने के मामले को लेकर शनिवार को दर्जनों कार्ड धारी प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। जहाँ मामले की जानकारी स्थानीय जिला परिषद सन्तोषी शेखर को मिलते ही संतोषी शेखर ने आपूर्ति विभाग के कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले को लेकर नाराजगी व्यक्त की और डीलर के खिलाफ कार्रवाई के साथ राशन वितरण करने की मांग को लेकर आपूर्ति विभाग के कार्यालय के समक्ष कार्डधारकों के साथ लगभग दो घंटे तक धरने पर बैठ गयी। जिप सदस्य के धरने पर बैठने की सूचना मिलने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने जीप सदस्य को मनाने का प्रयास किया। पर जीप सदस्य डीलर को बुलवाने और राशन वितरण करने की मांग पर अड़ी रही इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और जीप सदस्य के समर्थन में पूर्वी जीप सदस्य कन्हाई सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद झामुमो अध्यक्ष अफजाल अंसारी भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह समेत कई लोग धरने पर बैठ गये। वहीं मौके पर डीलर नागेश्वर के पहुंचते ही प्रखंड विकास अधिकारी के द्वारा जमकर फटकार लगायी गयी और तत्काल बकाया राशन वितरण करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। व स्थानीय मुखिया के मौजूदगी में 24 घंटे के अंदर राशन वितरण का निर्देश दिया गया। वही जीप सदस्य संतोषी ने कहा कि क्षेत्र में लगातार जन वितरण प्रणाली केंद्र के संचालकों के द्वारा अनियावता करने की शिकायत प्राप्त हो रही है जो किसी हाल में बर्दाश नही की जायेगी। इसलिए विभाग मामले की निगरानी करें और सही तरीके से अंतिम व्यक्ति को राशन उपलब्ध करायें।

### क्या कहते हैं डीलर नागेश्वर राम

इस संबंध में जन वितरण प्रणाली के डीलर नागेश्वर राम ने कहा कि ऑनलाइन राशन का वितरण होने के कारण ये समस्या आ रहा है। कुछ राशन कट जा रहा है। राशन वितरण करने के बाद खुद ब खुद हम डीलरशिप से रिजाइन कर देंगे।

## चंदवा मैक्लुस्कीगंज पेट्रोल पंप में दिनदहाड़े लूट की घटना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता




**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने चंदवा थाने अंतर्गत हिंदुस्तान बॉयोडीजल पम्प में दिनदहाड़े बाइक सवार अपराधियों के द्वारा पिस्टल के नोक में काउंटर से हजारों रुपये लूटने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। प्रतुल ने कहा कि दिनदहाड़े इस घटना से पूरे इलाके में भय का माहौल व्याप्त है। उन्होंने पुलिस से मांग की कि वह अति शीघ्र घटना का उद्भेदन कर लोगों का विश्वास कायम करें।

प्रतुल ने कहा कि इसके पूर्व भी शमीम अंसारी के लुकैया आवास में हुई भीषण डकैती और नगर भगवती के महा दरबार के चोरी का आज तक उद्भेदन नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। अब यह घटना दिख रही है कि अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। पुलिस को त्वरित कार्रवाई करके घटना में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी करनी चाहिए।

## पोषण रथ को उपायुक्त ने किया रवाना



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय पोषण माह-2023 अंतर्गत शनिवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा पोषण रथ को समाहरणालय से सभी प्रखंडों में जनजागरूकता हेतु रवाना किया गया। यह कार्यक्रम समाज कल्याण कार्यालय लोहरदगा की ओर से आयोजित किया गया। यह रथ सभी प्रखंडों में जायेगा। साथ ही इस मौके पर पोषण रैली भी निकाली गयी। मौके पर उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा समेत बड़ी संख्या सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित थे।

## सोमवार को स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जायेगा



कैरो (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुहर्रम मेला टांड़ कैरो में सोमवार को स्वास्थ्य कैंप का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कैरो के डॉक्टर राकेश प्रसाद ने बताया कि कैंप में क्षेत्र के लोग पहुंचकर बुखार, मलेरिया, किशोर, किशोरी, मातृत्व स्वास्थ्य का निशुल्क जांच कराकर इलाज करा सकते हैं साथ ही साथ आयुष्मान भारत, हेल्थ कार्ड आदि का भी लाभ ले सकते हैं।

## समिति ने जिला सचिव समीद की अध्यक्षता में बैठक की

कैरो (आजाद सिपाही)। प्रखंड में ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के कुडू प्रखंड कमिटी गठन को लेकर शनिवार को प्रखंड परिसर के सामने समिति के जिला सचिव समीद अंसारी की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड के कुडू प्रखंड अध्यक्ष के लिए हेमनाथ महतो, सचिव शमसुल अंसारी, कोषाध्यक्ष मनकिशोर राम, उपाध्यक्ष स्मिता एक्का, सह सचिव अखिलेश कुमार सिंह, सदस्य के लिए आनन्द कुमार, मुकेश उराँव, चंद्रकांत मुंडा, सलेन्द्र मुंडा आदि का चयन किया गया।

## 20 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, 29 को मॉप-अप दिवस कार्यक्रम होगा

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस दिनांक 20 सितंबर 2023 को और मॉप-अप दिवस दिनांक 29 सितंबर 2023 को होना है। इस अभियान के दौरान 1 से 19 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों और किशोर/किशोरियों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए शिक्षक सभी विद्यालयों में और आंगनबाड़ी सेविका सभी ऑगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को अपने सामने अल्वेंडाजोल की गोली खिलायेंगे। जिला और प्रखंड स्तर के समस्त व्हाट्सएप ग्रुप में कृमि संक्रमण से बचाव हेतु विडियो को शेयर करें, जिससे लोगों में जन-जागरूकता पैदा हो और 1 से 19 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों और कशोर/किशोरी दवा का सेवन करें। उक्त जानकारी सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो द्वारा दी गयी।

## 17 सितंबर पीएम के जन्मदिन से 02 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाडा मनायेगी भाजपा

कैरो (लोहरदगा) (आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 16 सितंबर शनिवार को कैरो प्रखंड के सुदूरवर्ती पहाड़ के तलहट्टी मे बसा गाँव हुद्दू के बूथ संख्या 184 में भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष राजेश सोनी के अगुवाई मे प्रखंड महामंत्री मनोज साहू उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति, जिला कार्यसमिति सदस्य सह हनहट मुखिया श्रवण मुंडा के उपस्थिति में मेरा माटी, मेरा देश कार्यक्रम के निमित प्रत्येक घरों से किया गया। 17 सितंबर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन तक सेवा पखवाडा के तौर पर मनाते हुए अनेक सेवा के कार्य करके गरीब कल्याण के मार्ग को प्रसस्त किया जायेगा। 16 सितंबर हुद्दू में मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम मे उपरोक्त लोगो के अलावा हरिलाल भगत, सुखदेव, दुखन मुंडा, सोनी कुमारी, रामजीत मुंडा, ठीबू मुंडा इत्यादि बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।







## आदिवासी लोहरा समाज ने जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करने की मांग को लेकर किया अंचल कार्यालय का घेराव



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** लोहरा जाति के सभी छात्रों को लोहरा अनु.जनजाति का जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करने की मांग को लेकर आदिवासी लोहरा समाज प्रखंड समिति नगड़ी के नेतृत्व में कार्यकारी अध्यक्ष सुमन लोहरा की अध्यक्षता में नगड़ी अंचल घेराव प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंचल कार्यालय नगड़ी में प्रदर्शनकारियों द्वारा मांग पत्र मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त पदाधिकारी को सौंपा गया। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा त्वारित वार्ता नगड़ी अंचलाधिकारी संतोष शुक्ला के साथ करायी गयी। अंचलाधिकारी नगड़ी ने कहा कि अंचल कार्यालय नगड़ी से लोहरा जाति प्रमाण-पत्र निर्गत किया जा रहा है और तत्काल लोहरा जाति प्रमाण-पत्र निर्गत हुआ एवं भविष्य में बिना विवाद के लोहरा जाति प्रमाण-पत्र देने का अश्वासन दिया गया और साथ ही सभी आवेदकों को आवेदन के साथ शपथ-पत्र संलग्न करने को कहा। मौके पर आदिवासी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप, आदिवासी लोहरा राजू लोहरा, संगीता देवी, संजय लोहरा, मंशा बडाईक, मानु तिग्गा, रामविलास लोहरा, सहाबीर लोहरा, बिरसा लोहरा, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सीमा कच्छप, बजरंग लोहरा, सुनील लोहरा, प्रकाश लिण्डा, गणेश लोहरा, पूनम कच्छप एवं नगड़ी अंचल क्षेत्र के 13 पंचायत से आये सैकड़ों लोहरा जनजाति के लोग उपस्थित थे।

## बाईपास रेलवे लाइन परियोजना में उचित मुआवजा नहीं मिलने पर जमीन नहीं देने का ग्रामीणों ने लिया निर्णय

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के बलालोंग पंचायत भवन में शनिवार को मुखिया शंकर उरांव की अध्यक्षता में रेलवे अधिग्रहित गांव के ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में कुडलोंग, बलालोंग, सम्बो, बारीडीह, जराटोली, गागीटोली, परसा टोली एवं भंडरा टोली के सैकड़ों ग्रामीणों ने शामिल होकर कहा कि लोधमा पिस्का बाईपास रेलवे लाइन परियोजना में उचित मुआवजा नहीं मिला तो जमीन नहीं देंगे। उक्त निर्णय ग्रामीणों की बैठक में लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त गांव के रैयतों की जमीन रेलवे अधिग्रहित कर रहा है लेकिन मुआवजा राशि बहुत कम दे रहा है। जिससे उक्त गांव के रैयत विभाग के रवैये से काफी नाराज एवं आक्रोशित हैं। उन्होंने उपायुक्त रांची, विधायक खिजरी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं नगड़ी सीओ को लिखित ज्ञापन देकर जनहित में उचित मुआवजा दिलाने की मांग की थी। लेकिन अभी तक इस पर कोई सुनवाई नहीं होता देख अब धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर 22 सितंबर शुक्रवार को नगड़ी अंचल में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया। मौके पर मुखिया जीतू लिंडा, शंकर कच्छप, सुनील, बबलू सांगा, रन्तु मुंडा, दिनेश मुंडा, हरमैन कच्छप, श्रवण कुमार, सुले नागडुवार, अनूप कुजूर, सुकरा, किरण नागडुवार, घसिया उरांव, मनीष, नागेश्वर, दीपक टोप्पो, रितेश, सुशील तिग्गा, सुनील, अनिल मिंज, अमित कुजूर सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## बदलाव संकल्प सभा को लेकर बाइक रैली निकाली




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जेबीकेएसएस के तत्वावधान में रविवार को इइएफ मैदान टाटीसिलवे में आयोजित बदलाव संकल्प सभा को सफल बनाने के लिए शनिवार को बाइक रैली निकाली गई। जेबीकेएसएस के फलिन्द्र करमाली, देवेन्द्र नाथ महतो एवं जलेश्वर उर्फ मार्शल महतो के नेतृत्व में यह रैली गोंदलीपोखर से शुरू होकर टाटीसिलवे, नामकुम होते हुए रांची तक गई। इस दौरान जगह-जगह लोगों को इस रैली में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की गई। रैली में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## उषा मार्टिन फाउंडेशन स्कूली बच्चों को खेलकूद के लिए कर रहा है प्रेरित




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** उषा मार्टिन फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्र में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए प्रयत्नशील है। इस क्रम में फाउंडेशन की ओर से स्कूली बच्चों के लिए खेलकूद की सामग्री एवं संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि बच्चे खेलकूद में आगे बढ़ सकें। फाउंडेशन द्वारा तैयार प्रखण्ड के बीएनटी कबड्डी टीम ने पिछले दिनों खेलो झारखण्ड के तहत आयोजित प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शनिवार को आयोजित एक समारोह में फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने विजेता टीम बालिका वर्ग की छात्राओं को सम्मानित किया। वहीं उनके बीच स्कीपिंग रोप, वॉलीबॉल आदि खेल सामग्री वितरित किए। इस अवसर पर डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि फाउंडेशन के सहयोग से विद्यालय की छात्राओं की एक टीम बनाई गई है। गांव में ही मैदान का निर्माण कर उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रखण्ड स्तर पर सफलता के बाद उत्साहित टीम मैनेजर दिनेश महतो एवं प्रशिक्षक सविता कुमारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन को लेकर तैयारी की जा रही है। मौके पर फाउंडेशन के सीएसआर हेड डॉ मयंक मुरारी, एनके पटोदिया, सचिंद्र कुमार, वरूण कुमार आदि मौजूद थे।

## अज्ञात रोग की चपेट में आकर गेतलसूद डैम में केज कल्चर की लगभग 10 लाख मछलियां मरीं



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मत्स्य जीवी सहयोग समिति द्वारा गेतलसूद डैम में केज कल्चर तकनीक से पाली जा रही लगभग 10-12 लाख तेलपीया मछलियां अज्ञात रोग की चपेट में आकर मर गईं। समिति के सचिव भोला महतो ने बताया कि अचानक मछलियों के मरने से वे काफी परेशान हो गए हैं। इससे समिति को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। वहीं इस घटना से गेतलसूद डैम में केज कल्चर तकनीक से मत्स्य पालन कर रहे अन्य मत्स्य पालक किसान चिंता में डूब गए हैं। इधर सूचना पाकर भाजपा एससी मोर्चा के महामंत्री संजय नायक शनिवार को केज कल्चर पहुंचे तथा निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। मौके पर मछुआरों को ढाढस बंधाते हुए कहा कि जिला मत्स्य पदाधिकारी से वार्ता कर उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर उपमुखिया शंकर बैठा, राजेश ठाकुर, विक्रम बैठा, दिलेश्वर नायक, धर्मवीर नायक, राजेश लोहरा, सुनील महतो, नेवी बेदिया आदि मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** आजसू पार्टी का हटिया विधानसभा स्तरीय पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# पार्टी कार्यकर्ताओं के बल पर झारखंड में आजसू का जनाधार बढ़ा है : सुदेश महतो

**कार्यकर्ता ईमानदारी पूर्वक गांव और बूथ कमेटी का निर्माण करें : चंद्रप्रकाश चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**पिस्कानगड़ी।** आजसू पार्टी के द्वारा शनिवार को हटिया विधानसभा स्तरीय पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिल्ली विधायक सह पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आजसू जात नहीं जमात की पार्टी है। जमात को आगे बढ़ाने में मैं विश्वास करता हूं। पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं के बल पर हमलोगों का जनाधार झारखंड में बढ़ा है। कार्यकर्ता जनहित के कार्यों में लगे रहें। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। प्रखंड से जिला तक सरकार के लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। प्रखंड सह अंचल एवं जिला में ग्रामीणों का बिना चढ़ावा कोई कार्य नहीं होता है। जमीन के मामले में जानबूझ के गलती कर अवैध पैसे की वसूली होती है। सरकार ने डुमरी उपचुनाव में धनबल का जबरदस्त दुरुपयोग कर अपने प्रत्याशी को जीत दिलाया। हालांकि 83 हजार लोग आजसू को अपना जनमत देकर सम्मान दिया है। क्षेत्र में हमारा प्रयास जारी रहेगा।

विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता ईमानदारी पूर्वक गांव और बूथ कमेटी का निर्माण करें। पंचायत कमेटी में अधिक से अधिक महिला समूहों को जोड़कर पार्टी के जनाधार को बढ़ायें, ताकि हम गांव में मजबूत बनकर जनता का काम कर सकें। समारोह की अध्यक्षता हटिया प्रभारी भरत कांशी साहू, संचालन आजम अंसारी और धन्यवाद ज्ञापन अरबिंद भगत ने किया।

मौके पर विधायक लंबोदर महतो, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, नीरू शांति भगत, यशोदा देवी, वर्षा गाड़ी, रोशन लाल महतो, निर्मला भगत, डोमेन सिंह मुंडा, संजय महतो, ज्ञान सिन्हा, रमेश गुप्ता, पार्वती देवी, बिना देवी, सपोर तिग्गा, गुलरेज अंसारी, नवल महतो, लाल प्रेमप्रकाश, राजाराम महतो, पवन पांडेय, बंटी यादव, बीरेंद्र प्रसाद, अशोक गहलोत, त्रिलोकी महतो सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# विश्वकर्मा पूजा आज, तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** देवताओं के शिल्पी कहे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की पूजा रविवार को है। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। नामकुम टाटीसिलवे रेलवे गुड्स शेड ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन नामकुम की ओर से नामकुम रेलवे क्रॉसिंग (आरओबी) के नीचे भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे धूमधाम के साथ पूजा अर्चना की जायेगी। पूजा को लेकर एशोसिएशन के लोगों ने एक सप्ताह पहले से ही पूजा की तैयारी शुरू कर दी थी। इधर, आजाद सिपाही से बात करते हुये एशोसिएशन के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह यादव ने बताया कि एशोसिएशन द्वारा भगवान विश्वर्मा पूजा के अवसर पर पूजा के बाद दोपहर 1 बजे से भव्य भंडारा और रात 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला का आयोजन किया गया है। जिसमें भोजपुर बिहार से आये व्यास रामाशंकर सिंह एवं बोकारो झारखंड से आये व्यास शिवशंकर यादव के बीच गायन का कड़ा मुकाबला होगा। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो एवं विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, भाजपा प्रदेश महामंत्री (झारखंड) प्रदीप वर्मा, आाजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक राजदेव सिंह यादव, अध्यक्ष राजकिशोर सिंह यादव, कोषाध्यक्ष अनुज सिंह, सचिव पीएन सिंह, प्रवक्ता साधु यादव, अवधेश कुमार यादव, नागेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, शत्रुधन प्रसाद, कमल कुमार सिंह के साथ अन्य सदस्य लगे हुये है।

**दुगोला कार्यक्रम में व्यास रामाशंकर सिंह और शिवशंकर यादव के बीच होगा कड़ा मुकाबला**



# राज्यसभा सांसद ने वार्ता कर ट्रक मालिकों की हड़ताल खत्म करायी

**क्रशर संचालक स्थानीय ट्रक मालिकों को प्राथमिकता देते हुए करें व्यवसाय : प्रो. आदित्य प्रसाद साहू**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** क्रशर व्यवसाइयों और पुलिस प्रशासन द्वारा तंग आकर ट्रक एसोसिएशन संघ ओरमांझी के बैनर तले ओरमांझी के ट्रक मालिक पांच दिनों से हड़ताल पर थे।

राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू के संज्ञान में मामला आते ही तत्परता दिखाते हुए ट्रक एसोसिएशन व क्रशर संचालकों की बैठक कराकर हड़ताल को समाप्त कराया।

गुरुवार को राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू ने ग्रामीण एसपी से ट्रक मालिकों को रांची के कई थानों द्वारा परेशान करने की शिकायत कर समाधान की बात की गई थी।

शनिवार को क्रशर मालिकों और क्रशर संचालकों के बीच बैठक में राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि क्रशर मालिक गाड़ियों में ओवर लोड नहीं देंगे और गाड़ी वाले भी ओवर लोड नहीं लेंगे। साथ ही स्थानीय ट्रकों एवं हाईवा से ही काम कराने की बात पर सहमति कराते हुए हड़ताल समाप्त करवाई।

हड़ताल समाप्त करवाने में राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, दिलीप मेहता, राजकिशोर साहू, विक्रांत तिवारी, नीरज पांडेय, देवनारायण महतो, अमित कुशवाहा, शुभम स्वरूप, अलखनाथ महतो सहित ट्रक एसोसिएशन व ट्रक हाईवा मालिक क्रशर संचालक उपस्थित थे।

# उषा मार्टिन में ओजोन दिवस समारोह का किया गया आयोजन

**ओजोन क्षयकारी पदार्थ का उपयोग रोकें : एसबीएन शर्मा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** उषा मार्टिन के प्लांट प्रमुख एसबीएन शर्मा ने कहा कि ओजोन परत का क्षय मानव जीवन के लिए खतरनाक है। इसके क्षयकारी पदार्थ के दुष्प्रभाव से स्वास्थ्य और विकास पर बुरा असर पड़ता है। ऐसे में सभी जागरूक नागरिकों का दायित्व है कि ओजोन क्षयकारी पदार्थ का उपयोग पर रोक लगाएं। वे शनिवार को कारखाना में आयोजित विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कामगारों को ओजोन परत के संरक्षण के लिए सभी आवश्यक प्रयास करने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि जागरूकता और जिम्मेदारी से ही इस संकट से बचा जा सकता है। इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। मौके पर पावर प्लांट के तन्मय सिन्हा एवं एसपीडी एरिया के आरके जायसवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जयंत पराल, एनएन झा, संजीव राय, अरूप दत, अरमान सिंह यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** एसएसबी के उपमहानिरीक्षक ने मुख्यालय 26वीं वाहिनी अनगड़ा का किया भ्रमण

# परिसर में जवानों के लिए नवनिर्मित जलपान कैंटीन का किया उद्घाटन

**जवानों के बीच रस्सा कस्सी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** क्षेत्रीय मुख्यालय एसएसबी के उपमहानिरीक्षक सेरिंग दोरजे नें सशस्त्र सीमा बल 26वीं वाहिनी मुख्यालय अनगड़ा का भ्रमण किया। तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे सेरिंग दोरजे ने इस दौरान कैंपस में जवानों के लिए नवनिर्मित जलपान कैंटीन का उदघाटन किया। मौके पर 26वीं वाहिनी के कमांडेंट एसडी शेरखाने ने उपमहानिरीक्षक को विगत दिनों वाहिनी में निर्मित अधिनस्थ अधिकारी क्लब, एसएसबी शहीद वाटिका, झारखण्ड पुलिस शहीद वाटिका, शिवाजी हाउस, बार्बर लौंज आदि का भ्रमण कराया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने तथा वाहिनी को हरा-भरा सुंदर बनाने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बाद में जवानों के बीच रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें झारखण्ड की संस्कृति पर आधारित नागपुरी गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। मौके पर कमांडेंट (पशु चिकित्सा) एएफ खान, द्वितीय कमान अधिकारी सचिन कुमार, उपकमांडेंट अनुराग सिंह, सहायक कमांडेंट संजीव कुमार सहित अन्य बलकर्मी मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## झारखंड गवर्नमेंट टूलरूम टाटीसिलवे में मनाया गया इंजीनियर्स डे




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड गवर्नमेंट टूलरुम टाटीसिलवे रांची में इंजीनियर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर टूलरुम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुये कहा कि वे पहले वर्ष से ही खुद को उद्देश्यपूर्ण तरीके से इंजीनियर बनने के लिये तैयार हों। साथ ही उन्होंने श्रीएम विश्वश्वरैया की निस्वार्थ सेवाओं के बारे में याद दियाला और भविष्य में भारत के निर्माण के लिये उनके नक्शेकदम पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 20 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में टूलरुम के फैकेल्टीज एवं छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सिदरौल में धूमधाम से मनेगा विजयादशमी

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम सिद्रोल जोड़ा मंदिर दुर्गा पूजा समिति की ओर से विजयादशमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इसे लेकर सिद्रोल स्थित जोड़ा मंदिर में बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान रावण दहन कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गयी। इस वर्ष रावण का पुतला 70 फीट एवं कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला क्रमशः 65-65 फीट का होगा। रावण दहाड़ मारकर हसेगा एवं कुंभकर्ण के द्वारा सोने की खरार्टे की आवाज आयेगी। बैठक में सर्वसम्मति से अनुसूचित जाति ग्रामीण जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि प्रशासनिक विभाग नामकुम अशोक नायक को अध्यक्ष, हेमंत लोहार कोषाध्यक्ष, सत्येद्र वैद्य सचिव, राजा सिंह महामंत्री, ईश्वर दयाल साहू संरक्षक, सुंदर राम अधिवक्ता को नियुक्त किया गया है। बैठक में अशोक मुंडा, समीर राय, राजू लकड़ा, दिलीप मुंडा, राजा सिंह, मोगो भगत, पारसनाथ सिंह, सुनील साहू, तारिणी सिंह, भीम सिंह, डब्लू सिंह, धर्मवीर सिंह, देवनंदन सिंह, तुलसी गोप के साथ अन्य लोग शामिल थे।

## पत्रकार की माता के निधन पर शोक व्यक्त



**कांके (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र से दैनिक अखबार के संवाददाता मिल्लत कॉलोनी निवासी गुलाम रब्बानी की मां मेहरून निशा (80) का निधन शुक्रवार की देर रात हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। शनिवार की शाम पतरा टोली कब्रिस्तान, कांके में उनको सुपुर्दे खाक कर दिया गया। जनाजे में बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। निधन पर कांके पत्रकार संघ के अफरोज आलम, वसीम अहमद, राम मनोहर मिश्र, फहीम, तौकीर अहमद, सुनील गुप्ता, विजय गोप, आकाश तिवारी ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं : सनी टोप्पो



**मांडर (आजाद सिपाही)।** लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल घुघरी मांडर के विद्यालय परिसर में शिक्षक दिवस समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने शिक्षकों की महत्ता के बारे में बतलाया। जनसेवी सह जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने अपने वक्तव्य में स्कूल के बच्चों की जीवनी पर प्रकाश डाला और बताया कि किस तरह संजय गोप ने अपने जीवन के विषम परिस्थिति से उभरते हुए शिक्षा जगत मेंअपने आप को स्थापित किये। मंच संचालन विजय और ज्योति ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य संजय गोप ने किया। मौके पर पूर्व छात्र छात्रा एवं अनेको स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।स्टार पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद गोप सनराइज पब्लिक स्कूल टांगर के प्रधानाचार्य मुंसाफ अंसारी सैकडो. की संख्या में अभिभावकगण उपस्थित हुए।

## तालाब में डूबने से एक बच्चे की मौत, दूसरे की खोज जारी

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के होटवासी तालाब में शनिवार को गांव के ही दो बच्चे की डूबने की सूचना गांव वालों को मिली। गांव के लोग और परिजन होटवासी तालाब पहुंचे और आनन फानन में तालाब में डूबे एक बच्चे को निकाला, जो गांव के ही भोला सिंह का सात वर्षीय पुत्र प्रितम सिंह था। उसे ग्रामीणों की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा बच्चा सीता राम प्रमाणिक का लगभग आठ वर्षीय पुत्र आलोक प्रमाणिक का पता नहीं चला। तालाब में उसे ढूढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर सूचना मिलते ही नगड़ी थाना प्रभारी रोहित कुमार पहुंचे और घटना की सूचना वरीय अधिकारियों को दी तथा धुर्वा स्थित एनडीआरएफ की टीम को बुलाने का प्रयास किया। लेकिन अंधेरा होने के कारण वे लोग कल दस बजे घटना स्थल पहुंचेंगे। इधर ग्रामीण अपने स्तर से आलोक प्रमाणिक को ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं।

## चान्हो में वज्रपात से दो लोगों की मौत

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** शानिवार शाम को बारिश के साथ हुई वज्रपात से ग्राम गुटवा कदमटोली निवासी 26 वर्षीय हकीम अंसारी, पिता रियाज अंसारी तथा ताला निवासी शीला देवी पति देवचरण महतो (46) की मृत्यु हो गई।

## रातू में अवैध बालू लदे 11 ट्रैक्टर जब्त

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में बालू माफियाओ पर शिकंजा कस्ते हुये शनिवार की सुबह डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने अवैध बालू लदा 11 ट्रेक्टर को रातू हुरहुरी ,मलमाण्डू व कोकडे से जब्त कर लिया। कार्रवाई होते देख दर्जन भर से अधिक ट्रेक्टर वाहन लेकर भागने में सफल रहे। जब्त सभी ट्रेक्टर बिना नंबर के है। डीएसपी प्रवीण कुमार ने जब ट्रेक्टर ड्रॉइवर से बालू खनन से संबंधित व गाड़ी की कागजात की मांग की तो ड्रॉइवर कागजात दिखाने में असमर्थ रहै। पुलिस सभी वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी है। जब्त वाहनों की जानकारी खनन विभाग व डीटीओ के अधिकारियों को दे दिया गया है। कार्रवाई के बाद क्षेत्र के बालू माफियाओ में खलबली मच गयी है।वही आधा दर्जन से अधिक ट्रेक्टर चालको को गिरफ्तार करने के उपरान्त पीआर बांड पर छोड़ दिया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### वीरेंद्र राम बने पथरा दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर पथरा गांव में शनिवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें इस वर्ष भी दुर्गा पूजा व कलश स्थापना करने का निर्णय लिया गया। पूजा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए एक कमेटी गठित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से वीरेंद्र राम को अध्यक्ष, रामबृक्ष राम को सचिव, विशु बैठा को कोषाध्यक्ष, मुखिया नरेश पासवान को संरक्षक के अलावा विनोद पासवान, राजेंद्र भारद्वाज, शिव चौधरी, सुरेश चौधरी, रामप्रवेश पासवान, बिहारी पासवान, संजय बैठा, राम बच्चन राम, प्रकाश उर्फ गोरख, संतु प्रसाद, अरुण ठाकुर, चांदीप पासवान, सरयू, सुरेश को कार्यकारणी सद्स्य बनाया गया। जबकि राजू रंजन, शिव, दीपक, डोलू, सोनू, उत्तम, राजकुमार, रणधीर, बिटटू, रोहित और राहुल आदि को चंदा प्रमुख बनाया गया।

### महुदंड ओपी प्रभारी की विदाई पर समारोह आयोजित कर पैक्स अध्यक्ष ने किया सम्मानित



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। व्यापार मंडल सह पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने महूदंड ओपी प्रभारी टीपी रजक की विदाई समारोह में शामिल होकर उन्हें शॉल, संविधान की पुस्तक और संत गाडगे महाराज जी का कैलेंडर भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा की हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती क्षेत्र महुदंड में स्थापित पिकेट पर प्रभारी के रूप में टीपी रजक का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। ओपी प्रभारी द्वारा छोटी- मोटी समस्या को ग्रामीण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ बैठकर समाधान कर देने से ग्रामीणों के बीच वे काफी लोकप्रिय रहें। पिकेट को भी स्वच्छ व सुंदर बनाने में बेहतर योगदान रहा। इस मौके पर पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिनेश्वर ठाकुर, समाजसेवी विनय परहिया, बीरबल परहिया, अर्जुन यादव, उदय प्रकाश, नागेंद्र भारती, संतोष यादव और दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।









परिजनों ने शव लेकर चार घंटे तक सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

# सहिया की मौत पर हंगामा

**थाना प्रभारी और मजिस्ट्रेट के हस्तक्षेप, उचित मुआवजा और मृतका के बेटे को नौकरी के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ सड़क अवरोध आंदोलन**

आजाद सिपाही संवाददाता




सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करते मृतका के परिजन व ग्रामीण।

**पलामू।** जिले के पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतराई में सड़क हादसे में मीना देवी नामक स्वास्थ्य सहिया की मौत के बाद उसके परिजनों ने शनिवार को शव के साथ पांकी में मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया। सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक प्रदर्शन के चलते डालटनगंज-पांकी मुख्य पथ पर वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गयी। इसकी सूचना पाकर थाना प्रभारी कुंदन पासवान, मजिस्ट्रेट महावीर प्रसाद आदि अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रगे लोगों को समझा बुढा कर सड़क से जाम हटाया। दूसरी ओर, स्वास्थ्य सहिया संघ के तत्वावधान में सगालीम में भी सड़क जाम कर प्रदर्शन किया गया। मौके पर सिविल सर्जन और बीडीओ को बुलाने की मांग पर सभी सहिया अड़ी रहीं। थाना प्रभारी और मजिस्ट्रेट ने आंदोलन कर रही सहिया को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही मृतक के परिजन को आर्थिक लाभ दिया गया और उसके पुत्र को एनजीओ के माध्यम से नौकरी देने का आश्वासन दिया गया। बतातें चलें कि सहिया मीना देवी महुगाई हुरलौंग की रहने वाली थी। शुक्रवार की दोपहर पांकी प्रखंड कार्यालय से पति के साथ बाइक से घर लौट रही थी। इसी दौरान तेतराई के पास किसी टैंकर गाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसके सिर में ज्यादा चोट आयी थी। एमआरएमसीएच में इलाज के बाद रांची के रिम्स अस्पताल रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गयी। सहिया के घायल पति का इलाज चल रहा है।

## विश्रामपुर थाने में घुसकर हंगामा करते पांच गिरफ्तार

**- गाड़ी छुड़वाने पहुंचे थे लोग, पुलिस की वर्दी उतरवाने तक की दे रहे थे धमकी**
**- छह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, एक आरोपी फरार**

आजाद सिपाही संवाददाता



आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में ले जाती पुलिस।

**विश्रामपुर/पलामू।** थाना में घुसकर हंगामा करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में विश्रामपुर पुलिस ने शनिवार को पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जबकि एक आरोपी थाने से भागने में सफल हो गया है। इस बाबत पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर में एक कार व बाइक में टक्कर हो गयी थी। मौके पर जुटी भीड़ ने पुलिस गश्ती दल को इसकी सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस स्थिति को देखते हुए दोनों गाड़ी को वहां से थाने ले गयी। दोनों वाहनों के चालकों को उनका ड्राइविंग लाइसेंस मांगा। लेकिन उस समय किसी के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि दोनों को ड्राइविंग लाइसेंस दिखाकर गाड़ी ले जाने को कहा गया। जब किसी ने लाइसेंस नहीं दिखाया तो गाड़ी का चलान कर दिया गया। इसी बीच बाइक सवार ने अपने भाई के पास इसकी सूचना फोन कर दे दी। आरोपी के भाई विनीत चौधरी अपने छह साथियों के साथ थाना पहुंचकर थानेदार से वाद विवाद करने लगा। थानेदार उस वक्त पूर्व थाना प्रभारी धूमा किस्कू से मालखाना का चार्ज ले रहे थे। जैसा कि थाना प्रभारी ने बताया कि थाने पहुंचे सभी छह लोग कैमरा ऑन कर ओडी ऑफिसर के पास पहुंचकर हंगामा करने लगे। उक्त अधिकारी ने इसकी सूचना तुरंत थाना प्रभारी शशिरंजन को दी। हंगामा कर रगे लोगों ने पुलिस वालों की वर्दी उतरवाने तक की धमकी दे दी। सभी खुद को एक यूट्यूब चैनल का रिपोर्टर बता रहे थे। मामला हाथापाई तक पहुंच गई। तब स्थिति को देखते हुए सभी लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया गया। उनकी पहचान विनीत चौधरी (कुंभी), अजित उरांव (लातेहार), राजदीप कुमार मेहता (लेस्लीगंज), रविंद्र कुमार चौधरी (कुंभी), रणजीत कुमार रजक (पड़वा) के रूप में हुई है। किसी के पास प्रेस का कोई पहचान पक्ष नहीं था। जबकि मनोज कुमार (चैनपुर) वहां से भागने में सफल रहा। सभी छह लोगों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 353, 504 व 34 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने को लेकर मुखिया डिलर को मिला प्रशिक्षण



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में शनिवार को बीडीओ जयप्रकाश नारायण व सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजेश कुशवाहा के नेतृत्व में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने को लेकर मुखिया, जनवितरण प्रणाली दुकानदार और स्वास्थ्य सहिया को प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ ने बताया कि लाल, पीला व हरा सभी प्रकार के राशन कार्डधारियों को चिन्हित कर अलग-अलग आयुष्मान कार्ड बनेगा। उन्होंने बताया कि निःशुल्क के साथ रविवार से दो अक्टूबर तक सभी कार्डधारियों का आयुष्मान कार्ड बना देना है। जिसकी जिम्मेवारी मुखिया, पीडीएस डिलर और स्वास्थ्य सहिया को दी गई है। वहीं जिला से आए प्रशिक्षक दीपक कुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण ले रहे लोगों को राशन कार्ड व आधार कार्ड से आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण पाने वालों में एमओ ब्रजेश कुमार, जिला अस्पताल मैनेजर सुनीत श्रीवास्तव, बीपीएम संजय कुमार सिंह, बीटीटी संतान कुमार मिश्रा आदि शामिल थे।

## ग्रामीण पीएम आवास योजना अंतर्गत चलो करें आवास पूरा अभियान का हुआ शुभारंभ



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत अभियान चलाकर अपूर्ण आवासों को पूर्ण किया जायेगा। इसे लेकर शुक्रवार को समाहरणालय ब्लॉक सी सभागार में बैठक कर चलो करें आवास पूरा अभियान का शुभारंभ किया गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष, डीडीसी सभी प्रखंडों के प्रमुख, उपप्रमुख, परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण उपस्थित रहे, जबकि सभी बीडीओ, प्रखंड समन्वयक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में डीडीसी ने अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी अपूर्ण आवासों को 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक पूर्ण कराना है। इस दौरान सभी से अनुरोध किया गया की अभियान को सफल बनाने के लिए अपूर्ण आवास के लाभुक को आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित करें। पंचायत, गांव, टोला स्तर पर लाभुकों को आवास पूर्ण करने के निमित्त हर सहायता मुहैया करायें। डीडीसी ने अपूर्ण आवासों के लाभुकों से घर-घर संपर्क करने का निर्देश दिया एवं प्रत्येक गुरुवार को अनिवार्य रुप से लाभुक दिवस मनाकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही अभियान का जिला, प्रखण्ड एवं पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया। अभियान के दौरान पूर्ण किए गए आवासों में स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 100 प्रतिशत आवास पूर्ण करनेवाले पंचायत के मुखिया एवं प्रखंड मे सर्वाधिक आवास पूर्ण करनेवाले बीडीओ एवं प्रखण्ड समन्वयक को सम्मानित भी किया जायेगा।

पीएम आवास योजना के तहत चलो करें आवास पूरा अभियान का शुभारंभ

## 10 अक्टूबर तक सभी अर्ध निर्मित आवासों को पूरा कराना है: विपिन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अभियान चलाकर अधूरे आवास को पूर्ण करने को लेकर हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को बैठक हुई। जिसमें चलो करें आवास पूरा अभियान का शुभारंभ किया गया। बैठक में आवास योजना के प्रखंड कोऑर्डिनेटर, पंचायत सेवक और रोजगार उपस्थित रहे। बैठक में आवास कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार सिंह ने अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। बताया कि अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत सभी अपूर्ण आवासों को 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक पूरा कराना है। इस दौरान सभी से अनुरोध किया गया कि अभियान को सफल बनाने के लिए आधूरे आवास के लाभुक को आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित करें। पंचायत, गांव, टोला स्तर पर लाभुकों को आवास पूर्ण करने के लिए हर सहायता मुहैया करायें। उन्होंने अपूर्ण आवासों के लाभुकों से घर-घर संपर्क करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत स्तर पर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम, पंचायत सेवक शंतु कुमार, मोहम्मद शमीम अंसारी, जनसेवक तीर्थ राज सिंह, रोजगार सेवक मोतीलाल यादव, छट्टू राम, सकिर आलम, अशोक दूबे, राजेंद्र राम आदि मौजूद थे।






### कार्यपालक पदाधिकारी ने सफाई मित्रों के साथ की बैठक, आज निकलेगी स्वच्छता रैली



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद सभागार में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर शनिवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन और संचालन सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह ने किया। दानिश हुसैन ने सफाई मित्रों को स्वच्छता पखवाड़ा के बारे में बताते हुए कई निर्देश दिये। बताया कि नगर परिषद के सभी 20 वार्डों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान चलायी जायेगी। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को स्वच्छता रैली निकाली जायेगी, जो विश्रामपुर गांधी चौक से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए महावीर पेट्रोल पंप चौक तक जायेगा। इसके अलावा इंडियन स्वच्छता लिग का आयोजन होगा। सफाई मित्र शिविर भी लगाया जायेगा। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में स्वक्षता का विशेष ख्याल रखा जायेगा। आम लोगों को भी स्वक्षता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में नगर प्रबंधक सुभाष हेमब्रेम, प्रभात कुमार,सुबोध कुमार,रवि कुमार,सुमित कुमार और दीपक कुमार सहित सभी स्वच्छता मित्र और कई नपकर्मी मौजूद थे।

















**महत्वपूर्ण न्यूज**

## लोदना में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**झरिया (आजाद सिपाही)।** भाजपा लोदना मंडल अध्यक्ष राजा राम पासवान की अध्यक्षता में शनिवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत लोदना बाजार, घमंडी पट्टी, बच्चू सेंटर, इस्लामपुर मुहल्ले से लोगों के घर से अमृत कलश में मिट्टी एकत्रित की गई। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भी उपस्थित रही। अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए रागिनी सिंह ने उपस्थित लोगों को आगामी 27 सितंबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव अजय निषाद, रोहित बिंद, बबलू भगत, छोटू सिंह, संजय यादव, निर्मला देवी, मंजू देवी, चंपा देवी, पिंकी देवी, ममता साव, सुनील पासवान, रविकांत पासवान, छोटेलाल पासवान, कुंदन पासवान, नागेश्वर पासवान, संजय चौहान और संजय पासवान आदि थे।

## राजस्व व वनभूमि में जमकर अवैध कोयला उत्खनन व परिवहन जारी



**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा में सक्रिय कोयला माफियाओं ने बड़ी संख्या में खदाने खोल रखी हैं। यहां कानूनी प्रतिबंधों और वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेशों की अनदेखा कर अवैध खनन महीनों से हो रहा है। ये बात किसी से छिपी नहीं है। कोयला माफिया स्थानीय पुलिस व संबंधित महकमे की साठगांठ से धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग के महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुचिरायडीह डीएवी स्कूल से आधा किलोमीटर दूरी पर स्थित जंगलों में संचालित अवैध खदानों से उत्खनित कोयला को बेखौफ बिना भय के ट्रकों के माध्यम से प्रतिदिन बेच रहे हैं। इस अवैध खनन से क्षेत्र के पर्यावरण और जीव-जंतु बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। आस-पास बसे गांव के ग्रामीणों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इन मुद्दों को लेकर आवाज उठाने वालों की सुनने वाला कोई नहीं है। ग्रामीण खनन माफिया के हिंसा का शिकार होते रहते हैं। अवैध उत्खनन के कारोबार में लिप्त माफिया बड़े-छोटे झाड़ के जंगल व राजस्व विभाग की शासकीय भूमि और वन भूमि में अवैध उत्खनन कर दर्जनों अवैध कोयला खदाने संचालित कर रखें हैं। अवैध उत्खनन की बार-बार शिकायतों के बावजूद कारगर कार्रवाई नहीं होने के कारण कोयला माफियाओं के हौंसले बुलंद हैं। इस संबंध में महुदा अंचल पुलिस निरीक्षक अलविनूरा इंदवार से बात करने पर उन्होंने कहा कि अवैध खनन के लिए महुदा पुलिस कर्रवाई करेंगी। आपसे जानकारी मिली हैं। उक्त स्थान पर थाना प्रभारी से बात कर कर्रवाई करेंगे। वहीं, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर नीलम एक्का ने सूचना पर एक टीम उक्त स्थान पर भेजी, लेकिन वे लोग बिना किसी कार्रवाई के वापस लौट आए। जबकि इंस्पेक्टर ने साफ शब्दों में कार्रवाई की बाद कही थी।

## विश्व ओजोन दिवस पर आयोजित हुआ जागरूकता अभियान

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (धनबाद क्षेत्रीय कार्यालय) ने शनिवार को बोकारो में ओजोन परत के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान शुरू किया गया। विश्व ओजोन दिवस 2023 का विषय 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ओजोन परत को सुदृढ़ करना और जलवायु परिवर्तन को कम करना है। इस अवसर पर बोकारो इस्पात सेकेंडरी स्कूल 8-बी के स्कूली बच्चों के लिए ओजोन परत के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन विषय पर क्विज और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं को बीएसएल और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पुरस्कृत किया गया। आरंभ में बोकारो स्टील प्लांट, पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबिलिटी के कार्यकारी विभागाध्यक्ष नितेश रंजन ने अपने संबोधन में बताया कि ओजोन परत की कमी को रोकने के लिए क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) वाले उत्पादों के उपयोग से बचना महत्वपूर्ण है। अधिक पेड़ लगाएं, पर्यावरण-अनुकूल उर्वरकों और संचार के पर्यावरण-अनुकूल तरीकों का उपयोग करें। वहीं झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी राम प्रवेश ने इस दिन के महत्व पर जोर दिया। वहां उपस्थित सभी लोगों को ओजोन परत के महत्व और इसे संरक्षित करने के तरीकों को समझाया।

**जुबानी हमला : एंबुलेंस के अभाव में गर्भवती महिला की मौत पर पूर्व मुख्यमंत्री ने जताया दुःख**

# झारखंड में चल रही सिंडिकेट व माफियाओं की सरकार : रघुवर

आजाद सिपाही संवाददाता



पत्रकारों से सवालों का जवाब देते पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास व अन्य।

**महुदा।** धनबाद से रांची जाने के क्रम में शुक्रवार को झारखंड सरकार की 108 डायल एम्बुलेंस सेवा की लचर व्यवस्था के चलते आठ महीने की गर्भवती महिला की हुई मौत पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गहरा दुःख प्रकट किया। लगे हाथ झारखंड की वर्तमान गठबंधन सरकार के खिलाफ जमकर जुबानी हमला किया। कहा कि जनता इस सरकार से पूरी तरह त्रस्त हैं। यहां स्वास्थ्य विभाग में चलने वाली एम्बुलेंस के चालको को पांच-पांच महीनों से वेतन नहीं मिला है। वाहन की दशा भी ठीक-ठाक नहीं रहती। आपातकालिन परिस्थिति में फोन करने से समय पर ग्रामीणों को समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होता है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण एक बार फिर देखने को मिला। कहा कि प्रदेश की गठबंठन सरकार प्राकृतिक संसाधनों को सिंडिकेट व माफियाओं के हवाले कर चूका हैं। पूरे झारखंड में केवल माफिया राज चल रहा हैं। ये ग्रामीणों की सुनाने वाली सरकार नहीं हैं। इस सरकार में कानून व विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं। आये दिन मीडिया में अवैध खनन को लेकर गोलिबारी व हिंसक झड़प की खबरें राज्य की जनता को सुनने को मिलती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री इस दनि भाजपा के विस्थापन एवं पुनर्वास प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अजय कुमार सिंह के टुंडी स्थित तेतुलमारी उनके अवास में एक निजी मुलाकातों के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। गौरतलब हो कि विगत शुक्रवार को आठ माह की गर्भवती महिला को धनबाद से रांची रिम्स अस्पताल ले जाने के क्रम में महुदा स्थित मछियारा में 108 एम्बुलेंस खराब हो गया था। चालक ने दूसरे एम्बुलेंस को सूचना दी पर वो समय पर नहीं पहुंच सका। घंटो इंतजार के बाद गर्भवती की मौत हो गयी थी।

## खेल को और निखारें और झारखंड व देश का नाम रोशन करें : मंत्री हफीजुल रहमान





**तेतरियाडीह में 16वीं झारखंड राज्य बॉक्सिंग चैंपियनशिप का समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड/जरीडीह।** तेतरियाडीह स्थित सैंफोर्ड इंटरनेशनल अकादमी में बोकारो जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 16वीं झारखंड राज्य बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023-24 का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन, बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी, चास एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव आनंद बिहारी दूबे, बोकारो जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मंजूर अंसारी, बोकारो जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव सह अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज एंजेला सिंह, आयोजन समिति के सचिव जकी अर्फिन, केएम मेमोरियल अस्पताल के निदेशक विकाश पांडेय, बोकारो स्टील प्लांट के जनरल मेनेजर, धनंजय कुमार, बोकारो जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय सिंह, बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या सोनल शुक्ला और प्राचार्य विश्वजीत पाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सैंफोर्ड इंटरनेशनल अकादमी की छात्रा जानवी, पारी व पिहू की ओर से आदिवासी नृत्य व एजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के शिक्षकों द्वारा ग्रुप नृत्य पेश किया गया। अंतिम दिन महिला वर्ग में दो फाइनल मैच खेला गया, जिसमें 48-50 किलोग्राम में पूर्वी सिंहभूम की नेहा और 50-52 किलोग्राम में धनबाद की संजना विजय हुई। पुरुष वर्ग में कुल 10 फाइनल मैच खेला गया जिसमें 46-48 किलोग्राम में पूर्वी सिंहभूम के राहुल कुमार, 48-51 किलोग्राम में निखिल भुइया, 51-54 किलोग्राम में कृष्णा जोरा, 54-57 किलोग्राम में प्रेम कुमार, 60-63.5 किलोग्राम में हजारीबाग के शैलेंद्र, 67-71 किलोग्राम में धनबाद के सचिन कुमार, 71-75 किलोग्राम में मंजेश पश्चिम सिंहभूम, 75-80 किलोग्राम में आकाश दास रामगढ, 80-86 किलोग्राम में सुभम मोदक पश्चिम सिंहभूम, 86-92 किलोग्राम में मो महताब धनबाद विजयी हुए। वहीं, मंजूर अंसारी ने 16वीं झारखंड राज्य बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023-24 के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के सचिव सह संस्था के निदेशक जकी अर्फिन और सैंफोर्ड इंटरनेशनल अकादमी परिवार का आभार प्रकट किया।

## हाइटेंशन तार की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला पंचायत भवन के समीप शुक्रवार की देर रात बालू गिरा रहे हाईवा वाहन के डाला से हाई टेंशन तार टूटने के कारण उसकी चपेट में आकर कामदेव यादव नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग एवं भाजपा नेता रिंकू शर्मा ने घटना की जानकारी बिजली विभाग के एसडीओ एवं स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची झरिया पुलिस ने कामदेव को इलाज के लिए धनबाद स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। मृतक धनबाद के रानी बांध स्थित ठाकुर कालोनी का रहने वाला था। उधर, घटना के बाद चालक फरार हो गया।

## सेंद्रा मौजा की आंदोलन कर रही रैयती महिलाओं ने दी आत्मदाह की चेतावनी



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** कनकनी में धरना दे रही सेंद्रा मौजा की रैयती महिलाओं ने सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी दी है। महिलाओं द्वारा चेतावनी ऐसे समय में दिया गया है, जब तीन दिन पहले ही लोयाबाद के थानेदार ने चेतावनी देते हुए कहा था कि धरना देने का परमीशन लाये नहीं तो धरना समाप्त करना होगा। थाना प्रभारी राजन राम ने कार्रवाई की भी चेतावनी दी थी। इसी बीच शनिवार को धरना स्थल पर प्रेसवार्ता कर महिलाओं ने कहा कि अगर हमें जबरन हटाया गया तो, हमारे पास आत्मदाह के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। रैयती महिलाओं ने कहा कि एक अगस्त से से हम यहां परिवार के साथ धरने पर बैठे हैं। पर हमारे साथ न्याय नहीं किया जा रहा, बल्कि यहां से हटाने के लिए धमकी दी जा रही है। इस 45 दिनों में बीसीसीएल ने मामले को सुलझाने का कोई प्रयास नहीं किया। कंपनी और बीसीसीएल के अधिकारी पद का दुरुपयोग कर अलग-अलग तरह का हथकंडा अपना रहे है। ग्रामीण रैयतों ने इस मामले में डीसी को पत्र भी प्रेषित किया है। जिसकी कॉपी, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, झारखंग के राज्यपाल और मुख्यमंक्षी सहित जिले के संबंधित अधिकारियों को भी भेजा है। जिसमें पीओ अनिल सिंह और प्रबंधक गोपाल पर धमकी देने और आंदोलन के दौरान महिला के साथ बदसलूकी करने और उसका ब्लाऊज फाड़ने का आरोप भी लगाया गया है। रैयतों ने कहा कि हमारी मांग है ओबी से भरे गए हमारे तालाब को खाली किया जाए और हमारी 21 एकड़ जमीन को छोड़कर बीसीसीएल अपना परियोजना चलाये। हमें कोई एतराज नहीं है। उदर, इस संबंध में कनकनी के पीओ अनिल सिंह ने कहा कि आरोप मनगढ़ांत व बुनियाद है। हम लोग भी अंचल में जमीन के कागजात दिखवा रहे है। सही रहेगा तो, हम जमीन पर काम करना छोड़ देंगे। अगर जमीन बीसीसीएल की रहेगी तो आउटसोर्सिंग कंपनी कार्य करेगी। दूसरी ओर, थाना प्रभारी राजन कुमार राम ने कहा कि धरना पर बैठे रैयतों को जबरन नहीं हटाया गया है। डेढ माह से एसडीएम की अनुमति के बिना धरना दे रहे हैं इसलिए उनलोगों को उनकी अनुमति पत्र लेकर धरना देने को कहा गया है। वरीय अधिकारियों के आदेश के आलोक में कार्रवाई की जाएगी।

## औप्टोल्मिक असिस्टेंट की परीक्षा में बीसीसीएल केंद्रीय चिकित्सालय का शत प्रतिशत रिजल्ट





**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड पारा मेडिकल काउंसिल रांची की ओर से आयोजित आंख विभाग के औप्टोल्मिक असीस्टेंट की परीक्षा में बीसीसीएल के केंद्रीय चिकित्सालय के छात्रों ने बाजी मारी है। इससे कुछ महीने पहले भी डीएमएलटी की परीक्षा में यहां के छात्रों ने अपना परचम लहराया था। कुल चार छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिसमें प्रथम नंदनी पाठक रही। दूसरा रित कुमारी व तिसरे स्थान पर शीतल कुमारी रही। अस्पताल के आंख विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ वंदना ठाकुर ने शत प्रतिशत रिजल्ट होने पर खुशी जाहिर की। कहा कि यहां के छात्र लगातार पांच वर्षो से शानदार परिणाम दे रहे है। यह एक राज्य स्तरीय परीक्षा है। राज्य भर के छात्र विभिन्न इंस्टिच्यूट में इस दो वर्षिय पाठ्यक्रम को पढ़कर इसमें शामिल होते है एवं डिप्लोमा हासिल करते है। वहीं, सफल छात्रों ने इसका श्रेय डॉ वंदना ठाकुर, डॉ रश्मि रैना, डॉ आत्म प्रकाश, डॉ सौरभ अग्रवाल, डॉ हरिश कुमार को दिया है। औप्टोल्मिक असीस्टेंट अर्पण नंदी एवं धीरज शुक्ला ने सफल छात्रों को बधाई दी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –01/2023–24
द्वितीय आमंत्रण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | – | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची |
| 2. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | – | कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | – | 21/09/2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से |
| 4. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | – | 28/09/2023 को 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 5. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान) | – | 29/09/2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के कार्यालय में। |
| 6. | निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय | – | 29/09/2023 के अपराहन 5.00 बजे से। |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला |
| 8. | प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर | – | 7488491963 |
| 9. | ई–प्राक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | – | 7488491963 |
| 10. | कार्य की विवरणी | | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Operation and maintenance of Gumla urban W/S/S by outsourcing agency including providing all manpower's, chemicals, reagents different materials etc. required for successful operation of the scheme including repair of all civil structures (Intake well, Infiltration wells, gallery, WTP, ESR), Rising & Distribution pipelines, mechanical & electrical equipments etc. all complete job on "Turn-key basis" to provide drinking water confirming WHO norms for the Year 2023-24 (1-10-23 to 31-3-24) | 23,51,962 | 48,000 | 5000.00 | 31-03-2024 |

निविदा की नियम एवं शर्ते :–कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR 307141 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D


## 6ठी से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सुनहरा मौका

# शिक्षा और जागरूकता साथ हो तो कई समस्याओं का खुद ब खुद हो जाता है समाधान: विपिन सिंह

**गोल संस्थान छात्रों को दे रहा सैकड़ों पुरस्कार एवं छात्रवृत्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड व अन्य राज्यों के कई मेधावी छात्र जो दूर-दराज गांवों में अपने प्रतिभा को खुद में समेटे किसी अवसर की तलाश में रहते हैं, उनके लिए आशा की किरण के रूप में आती है गोल टैलेंट सर्च एग्जाम। छठी, सातवीं, आठवीं, नवमी, 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए स्वर्णिम भविष्य का अवसर प्रदान कर रहे गोल टैलेंट सर्च एग्जाम द्वारा छात्र अपनी प्रतिभा को निखार कर सफलता की बुलंदियों को छू सकते हैं। विगत 12 वर्षो से झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में आयोजित कि जानेवाली इस प्रतियोगिता परीक्षा की मदद से अब तक सैंकड़ों छात्रों ने मेडिकल एवं आईआईटी जैसे प्रतियोगिता परीक्षाओं में महत्वपूर्ण सफलता पाकर गोल टैलेंट सर्च एग्जाम की उपयोगिता को साबित किया है।

गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने कहा कि समाज में जागरूकता से सामाजिक परिवर्तन होता है। सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए नैतिक शिक्षा के साथ ही जागरूकता जरूरी है। शिक्षा और जागरूकता साथ-साथ हो तो कई समस्याओं का समाधान खुद ब खुद हो जाता है। छठी से 12वीं में पढ़ने वाले बच्चों की उम्र नाजुक होती है, इस उम्र में बच्चों को किसी भी दिशा में मोड़ सकते हैं। इस कारण गोल टैलेंट सर्च एग्जाम के माध्यम से बच्चों में प्रतियोगिता की भावना जागृत करने का प्रयास है। इसके बाद काउंसेलिंग में बच्चों को सही दिशा में गाइड भी किया जाता है। बिपिन सिंह ने कहा कि शारीरिक रूप से अक्षम (दिव्यांग) छात्रों को हमारी संस्थान मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए मुफ्त शिक्षा प्रदान करेगी। गोल इंस्टीच्यूट (धनबाद) के सेंटर डायरेक्टर संजय आनंद ने कहा कि इस प्रोग्राम में दो चरणों में परीक्षा ली जाती है। प्रथम चरण में ऑनलाइन परीक्षा होगी, जिसे छात्र लैपटॉप, डेस्कटॉप एवं मोबाइल के माध्यम से अपने घरों से दे सकते हैं। करीब छह राज्यों बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा के हजारों छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल होंगे। इस चरण में चयनित स्टूडेंट्स द्वितीय या मुख्य परीक्षा में भाग लेंगे, जो जोन मुख्यालय में ऑफलाईन मोड में आयोजित किया जाता है। वहीं, गोल संस्थान के दीपक कुमार एवं भारती सिन्हा ने कहा कि गोल टैलेंट सर्च परीक्षा छात्रों को एक कॉम्पीटीटीवप्लैटफॉर्म मुहैया कराता है, जहां छात्र अपने प्रतीभा को हजारों छात्रों के बीच जांच कर उसे इम्प्रुव करने का प्रयास करते हैं। जिस कारण उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना आसान हो जाता है। उक्त प्रतियोगिता परीक्षा में चयनित छात्रों को लैपटॉप, किंडल, टैब एवं कई अन्य पुरस्कारों के साथ-साथ गोल इंस्टीट्यूट के क्लास रूम कोर्स में 100 फीसदी तक की स्कॉलरशिप व अन्य सुविधाएं बिना किसी शुल्क लिए उपलब्ध कराई जाएगी। परीक्षा के बाद आयोजित की जाने वाली सेमीनार में छात्रों के लिए मेडिकल, इंजिनियरिंग एवं कई अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं से संबंधित जानकारी देने के साथ ही कैरियर से जुड़ी अनिवार्य दिशा-निर्देश भी दी जाएगी। बताया गया कि 20 नवंबर तक ऑन लाइन डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.जीटीएससी.इन साइट पर जाकर फॉर्म भरा जा सकेगा। जबकि 200 शुल्क देकर फॉर्म ऑफलाइन गोल इंस्टीट्यूट के किसी भी ऑफिस में जाकर प्राप्त कर सकते हैं। उक्त साइट पर जरूरी जानकारी भी उपलब्ध है।


**कार्यालय जिला परिषद, गुमला**

**अति अल्पाकालीन बन्दोबस्ती सूचना**
**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना।**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बंदोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि की सैरात की बंदोबस्ती जिला परिषद् स्तर से की जाएगी।

अतः एतद द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | हाट बाजार का नाम | डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (एक वर्ष के लिये) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | डुमरी | जैरागी हाट | 30.09.2023 | 3.00 बजे अप0 | 100000 (एक लाख) | 10000 (दस हजार) |
| 2 | कामडारा | रायकेरा हाट | 30.09.2023 | 3.00 बजे अप0 | 200000 ( दो लाख) | 20000 (बीस हजार) |
| 3 | घाघरा | घाघरा बाजार | 30.09.2023 | 3.00 बजे अप0 | 250000 ( दो लाख पचास हजार) | 25000 (पचीस हजार) |
| 4 | विशुनपुर | विशुनपुर हाट | 30.09.2023 | 3.00 बजे अप0 | 100000 (एक लाख) | 10000 (दस हजार मात्र) |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु गुमला जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 29.09.2023 तक **कॉलम संख्या– 7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, जिला परिषद्, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित एवं निविदा प्रकाशन की तिथि के उपरान्त् का गुमला में भुगतेय होगा आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।**

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें गुमला जिला के वेबसाइट– www.gumla.nic.in/ जिला परिषद् के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, गुमला।

PR 307134Rural Development(23-24)#D

## न्यूज रील्स

### टाटा स्टील ने डेंगू और मलेरिया को लेकर जागरूक किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** नरेंद्रपुर कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वास्थ्य अभियान के हिस्से के रूप में, टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) ने टाटा स्टील मेरामंडली प्लांट के आसपास के क्षेत्र में डेंगू और मलेरिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक अभियान शुरू किया है। राज्य के कई हिस्सों में डेंगू के मामलों को देखते हुए शुरू किए गए इस कार्यक्रम की शुरूआत 11 सितंबर 2023 को नुआगांव से की गयी थी। नुआगांव के प्रमुख नेता धर्मेंद्र के साथ नुआगांव के सभापति और संपादक और अन्य लोगों में टीएसएम के चिकित्सा सेवाओं के प्रमुख आशीष महापात्र, टीएसएफ के जन स्वास्थ्य संपादक गायत्री नाइक और टीएसएफ के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मनुस्मृति लागू हुई तो देश की 95% आबादी गुलाम बनेगी : सिद्धारमैया

**बंगलुरु (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने कहा है कि संविधान का विरोध करने वाले लोगों से सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि ये वो ताकतें हैं जो संविधान को नष्ट करके मनुस्मृति को फिर से लागू करना चाहती हैं। मनुस्मृति लागू करने का मतलब है कि इस देश की 95% आबादी गुलामों के रूप में रहेगी। लोकतंत्र और संविधान इसी व्यवस्था के खिलाफ सबसे अच्छी ढाल हैं।

# ओड़िशा सोशल फोरम के लिए पहल शुरू

**ओड़िशा सोशल फोरम के लिए यह इस तरह की पहली बैठक है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य में ओड़िशा सोशल फोरम गठन करने का प्रयास शुरू हो चुका है। यह फोरम नेशनल सोशल फोरम और वर्ल्ड सोशल फोरम के इकाई के रूप में काम करेगा। सीएसएनआर भुवनेश्वर के निर्देशक सह सचिव धीरेंद्र पंडा का मानें, तो यह ईकाई एक संगठन के रूप में नहीं, बल्कि सभी सामाजिक संगठनों का एक महासंगठन के रूप में काम करने वाला है। इस बारे में चर्चा करने के लिए पिछले 8 सितंबर को कई सामाजिक संगठन, जन-संगठन, राजनीतिक संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को लेकर एक बैठक हुई। स्थानीय यूनिट 8 स्थित बुद्ध मंदिर परिसर में आयोजित इस बैठक की परिचलना के लिए एक सभापतिमंडल का गठन किया गया। इसमें जानेमाने सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रीन नोबेल पुरस्कार विजेता प्रफुल्ल सामंतरा, वरिष्ठ शिक्षाविद गोलक बिहारी नाथ, नेशनल सोशल फोरम (एनएसएफ) के संयोजक अशोक भारती, और निकोलास वाार्ला आदि शामिल थे। बैठक का संयोजन पंडा ने किया। लोगों का स्वागत करते हुए पंडा ने कहा कि ओड़िशा सोशल फोरम के लिए यह इस तरह की पहली बैठक है। बैठक में हम इस बारे में फैसला कर सकते हैं कि हम किन विषयों को इसमें शामिल करें। फिर इसमें सभी जिलों के कार्यकर्ता शामिल नहीं हैं। इसलिए हमें इस बारे में भी सोचना होगा कि हम कैसे सभी कार्यकर्ता तक पहुंचें व उन्हें इसमें शामिल होने के लिए आकर्षित करें। अशोक भारती का कहना था कि विश्वभर में पूंजीवादी जो विश्व व्यबस्था कायम करना चाहते हैं, वह विश्व के करोडों गरीब, जरूरतमंद लोगों के लिए यथार्थ नहीं है, लेकिन पूंजीवादियों का कहना है कि इसके अलावा और कोई विकल्प नहीं है। वह इसे टीना वोलते हैं, जबकि हम कहते हैं कि इसके कई विकल्प हैं। वे जनतांत्रिक रास्ते में जाना पसंद नहीं करते हैं, जबकि हम सामाजिक जनतांत्रिक रूप में सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। इसलिए हम को अलग विश्व का सपना देखते हैं एवं उसे साकार बनाना चाहते हैं। वर्ल्ड सोशल फोरम का जन्म इसिलिए हुआ है। ब्रजिल में इसकी बहली बैठक हुई। उसी तरह एशिया में एशिय नेशनल फारम और भारत में नेशनल सोशल फोरम (एनएसएफ) है। इसकी अगली बैठक नेपाल के काठमांडु शहर में होने वाली है। एक खुला विश्व संगठन के रूप में काम कर रहा है। इसको ओड़िशा में भी स्थापन करना है। दूसरे सत्र में लोगों ने विषयगत विश्लेषण पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई विषय पर ध्यान केंद्रित किया। अंत में फैसला किया गया कि अगले 25 तारीख को दूसरी बैठक होगी, जिसमें अधिक से अधिक संगठनों को शामिल करवाया जायेगा।

# भारत की विनिर्माण उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं वेदांता एल्युमीनियम के इंजीनियर

आजाद सिपाही संवाददाता

**राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस**



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस के अवसर पर, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने भारतीय इंजीनियरिंग की समृद्ध विरासत में योगदान देने की दिशा में, कई कार्यों में हजारों उच्च कुशल इंजीनियरों वाले अपने कार्यबल का पोषण करने के लिए खुद को फिर से प्रतिबद्ध किया। ऐसा करने में, कंपनी का लक्ष्य भारत के औद्योगिक परिदृश्य में परिचालन उत्कृष्टता और तकनीक-आधारित नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उनके अटूट समर्पण का जश्न मनाना है, जिससे देश को कई क्षेत्रों के लिए एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में तैयार किया जा सके। आज भारत में एल्यूमीनियम के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में उभरने वाली कंपनी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा प्रतिभा के इस कुशल पूल को दिया जा सकता है, जो घरेलू एल्यूमीनियम उद्योग के भीतर उत्पाद नवाचार, ज्ञान-साझाकरण और व्यापक अनुसंधान और विकास में सबसे आगे हैं। साथ में, उन्हें छत्तीसगढ़ के कोरबा में स्थित भारत के प्रतिष्ठित एल्यूमीनियम उत्पादक बाल्को के पोषण के अलावा, झारसुगुड़ा में दुनिया की सबसे बड़ी एल्यूमीनियम गलाने की सुविधाओं में से एक और ओड़िशा के लांजीगढ़ में एक विश्व स्तरीय एल्यूमिना उत्पादन सुविधा की देखरेख करने का काम सौंपा गया है। इन जिम्मेदारियों में भारत के सबसे बड़े कैप्टिव थर्मल पावर पोर्टफोलियो में से एक का प्रबंधन करना भी शामिल है, जिसमें देश भर में फैली लगभग 5500 मेगावाट की थर्मल पावर की विशाल क्षमता है। अपने इंजीनियरों को आवश्यकतानुसार प्रयोग, कार्यान्वयन और पुनः अंशांकन करने के लिए सशक्त बनाता है। नवाचार, उत्कृष्टता और उद्यमशीलता की भावना, जो इसके मूल मूल्यों के हिस्से के रूप में शामिल है, को भी सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया जाता है। वेदांता के संचालन में मौजूद गहरी विशेषज्ञता सर्वोच्च प्रदर्शन और उच्च गुणवत्ता वाले एल्यूमीनियम का निर्बाध उत्पादन सुनिश्चित करती है। दुनिया भर के प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के साथ साझेदारी करके, और उभरते स्टार्टअप के साथ नवीन नये समाधान पेश करके, कंपनी यह सुनिश्चित करती है कि उसके कर्मचारी अपने डोमेन के बारे में गहन ज्ञान के साथ लगातार कुशल बने रहें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) मशीन लर्निंग (एमएल), आईआईओटी, और डिजिटल ट्विंस वेदांत एल्युमीनियम के संचालन में तैनात उद्योग 4.0 प्रौद्योगिकियों में से कुछ हैं, जो इसकी इंजीनियरिंग टीमों को मूल्यवान ज्ञान प्रदान करते हैं और संसाधन दक्षता, संयंत्र उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं और निर्बाध परिसंपत्ति प्रबंधन और वेदांता एल्युमीनियम में, हमारी अटूट प्रतिबद्धता एक ऐसा वातावरण तैयार करने की है जो नवाचार को बढ़ावा दे और उन्हें सशक्त बनाये। भविष्य को संवारें। हम देश की बेलगाम प्रगति के लिए उसके संसाधनों का लाभकारी उपयोग करने में इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हैं ।

# रेल मंत्री आज ओड़िशा दौरे पर



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** माननीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव रविवारको ओड़िशा का दौरा कर रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान, वह सुबह 11 बजे रेलवे ऑडिटोरियम, चंद्रशेखरपुर, भुवनेश्वर में विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ के लिए एमएसएमई कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नयी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। अश्विनी वैष्णव इस योजना के बारे में कलाकारों और शिल्पकारों से भी बातचीत करेंगे जो स्थानीय समुदाय और रेलवे उत्साही लोगों के लिए एक उल्लेखनीय क्षण होगा। सफाई और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए अश्विनी वैष्णव लोकल ट्रेन में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करेंगे और भुवनेश्वर से कटक तक यात्रा करेंगे। ट्रेन दोपहर 02:30 बजे भुवनेश्वर से रवाना होगी और कटक तक जायेगी और यात्रियों को मंत्री के साथ बातचीत करने का अवसर मिलेगा। वैष्णव यात्रियों को स्वच्छता अभियान और उसके महत्व के बारे में जानकारी देंगे। वैष्णव कटक रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान में भी भाग लेंगे, यह आयोजन रेलवे प्रणाली में सुधार और इसके यात्रियों के कल्याण के लिए अश्विनी वैष्णव की प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में कार्य करता है। यह एक जानकारीपूर्ण और प्रेरणादायक अवसर होने की उम्मीद है, जो हमारी रेलवे प्रणाली में स्वच्छता के महत्व पर चर्चा करने और इसे बढ़ावा देने के लिए विभिन्न हितधारकों को एक साथ लायेगा। इसके अतिरिक्त, दिन के तीन बजे कटक रेलवे स्टेशन पर एक मीडिया ब्रीफिंग आयोजित की जायेगी।

## आंगनबाड़ी दीदी को स्कूल की ड्यूटी, समय पर स्कूल खोलने और मध्याह्न भोजन का वितरण करने का निर्देश



**भुवनेश्वर बालेश्वर (आजाद सिपाही)।** आंगनबाडी दीदी उन स्कूलों का दौरा करेंगी, जहां शिक्षक अनुपस्थित हैं। डीइओ बालेश्वर ने डीएसडब्ल्यूओ को पत्र लिख कर अनुरोध किया है। शिक्षकों के आंदोलन के कारण कई स्कूलों में पढ़ाई बंद हो गयी है। इसके लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर डीइओ ने यह पत्र लिखा है। आंगनबाड़ी दीदी स्कूल की रखवाली करेंगी। बालेश्वर जिला शिक्षा अधिकारी ने बालेश्वर जिला समाज कल्याण अधिकारी को पत्र लिखा। प्राथमिक शिक्षकों के समूह अवकाश पर रहने के कारण आंगनबाड़ी दीदी को जिम्मेदारी दी गयी है। हालांकि जिन स्कूलों में शिक्षक अनुपस्थित हैं, वहां आंगनबाडी दीदी स्कूल की रखवाली करेंगी। स्कूलों को समय पर खोलने और मध्याह्न भोजन का वितरण जारी रखने का भी निर्देश दिया गया है। शिक्षकों के आंदोलन के कारण कई स्कूलों में कक्षाएं बंद कर दी गयी हैं। इसके लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर डीइओ ने यह पत्र लिखा है। गौरतलब है कि प्राथमिक शिक्षक तीन मांगों को लेकर 8 दिनों से धरने पर बैठे हैं। इसके चलते कई स्कूलों में ताले लटके हुए हैं।

# विश्वकर्मा पूजा के दिन यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म गौरव की बात : रमेश सिंह





**रमेश सिंह**

(लेखक : भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं)

आज 17 सितंबर का दिन कई अर्थों में महत्वपूर्ण है। सांस्कृतिक दृष्टिकोण से यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दिन हर साल विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर भगवान विश्वकर्मा पूजा मनाया जाता है। भगवान विश्वकर्मा को संसार का पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। 17 सितंबर का दूसरा महत्व यह है, जब दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता, भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री, सनातन संस्कृति के रक्षक और भविष्य निर्माता युगपुरुष नरेंद्र मोदी का जन्म हुआ था। ये ईश्वरीय संयोग है। यह दिन हम सभी के लिए गौरव का दिन है। गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री रहते हुए पीएम मोदी ने देश को दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया है। पीएम मोदी की विकास की नीतियों और देश के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए विश्व के 15 देशों और 6 संस्थाओं ने अपने सर्वोच्च सम्मान से उन्हें सम्मानित किया है।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर भारत सरकार ने देश के गरीबों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना लॉन्च किया है। केंद्र सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना को शुरू करने का औपचारिक एलान आम बजट 2023-24 में किया था।

> **केंद्र सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना को शुरू करने का औपचारिक एलान आम बजट 2023-24 में किया था। इस योजना के लिए वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2027-28 तक 13000 करोड़ के खर्च का प्रावधान है।**

इस योजना के लिए वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2027-28 तक 13000 करोड़ के खर्च का प्रावधान है। इस योजना में 18 तरह के विभिन्न काम में लगे लोगों को शामिल किया गया है। योजना का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों के स्किल को और निखारना है। साथ ही कारीगरों और शिल्पकारों तक उत्पादों और सेवाओं की पहुंच में सुधार करना भी है। वित्त वर्ष 2023-24 से लेकर 2027-28 तक की अवधि में 30 लाख कारीगरों को इसमें शामिल किया जायेगा।

> **पीएम मोदी ने बाहें फैलाकर अफ्रीकन यूनियन को जी 20 के सदस्य के रूप में शामिल कर इतिहास रच दिया। अब दुनिया भारत को ग्लोबल साउथ के लीडर के रूप में देखने लगी है।**

**मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से वैश्विक सम्मान तक की सफल यात्रा**

देश की जनता ने 2014 में विकास पुरुष नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार चुनी। पीएम मोदी ने सत्ता संभालने के बाद आज तक बिना एक भी दिन छुट्टी किये तन-मन से देश के गरीबों की स्थिति सुधारने का सफल प्रयास किया है। विकास की मुख्यधारा से कट गये 60 करोड़ गरीबों की मूलभूत आवश्यकता को उन्होंने पूरा कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब माताओं और बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से मुफ्त एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना को लॉन्च किया था। अब तक पीएम मोदी की इस महत्वाकांक्षी योजना के 10 करोड़ से अधिक एक्टिव लाभार्थी परिवार हैं। 10 करोड़ परिवार, यानी कि 40 करोड़ लोग। गरीब/असहायों के सपने को साकार करने के वास्ते सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना चलायी जा रही है। अब तक इस योजना के तहत 118 लाख से अधिक घर सेंक्शन हो चुके हैं। 113 लाख से अधिक घर ग्राउंडेड हो चुके हैं। 76 लाख से अधिक घर पूरे हो चुके हैं। 2 लाख करोड़ का सेंट्रल असिस्टेंट दिया जाना है, जिसमें 1.5 लाख करोड़ दिये जा चुके हैं। इस योजना से कुल 8 करोड़ से अधिक इन्वेस्ट किया जाना है।

पीएम मोदी ने देश के गरीबों और किसानों को मुख्यधारा में लाने के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना शुरू किया। इस योजना से अब तक करोड़ों किसान लाभान्वित हो चुके हैं। पीएम मोदी ने गरीबों को हर महीने 5 किलो तक मुफ्त राशन भी दिया और कोरोना जैसी महामारी के दिनों में उन्हें मुफ्त में, बिना एक पैसा लिए दो डोज वैक्सीन भी दिये। पीएम मोदी के इन सफल प्रयासों से देश के 60 करोड़ गरीब विकास की मुख्यधारा में आये और देश के आर्थिक विकास में अपना योगदान दिया, जिससे भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी इकॉनमी बनकर सामने आयी है।

पीएम मोदी का कार्यकाल भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासतों के संरक्षण का काल रहा है। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही राम मंदिर के निर्माण के सामने की सारी बाधाओं को समाप्त कर दिया। भगवान राम के मंदिर का भूमि पूजन हो गया, निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और राम लला जनवरी में अपने मंदिर में विराजमान होने वाले हैं।

> **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब माताओं और बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से मुफ्त एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना को लॉन्च किया**

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपने विदेश नीतियों में सुधार लाया, जिससे भारत का वैश्विक मंचों पर सम्मान बढ़ा है। इससे, भारत में निवेश बढ़ा है और मेक इन इंडिया से वैश्विक समुदाय भारतीय बाजार की ओर आये हैं। पीएम मोदी की वैश्विक दृष्टि से प्रभावित होकर आज अमेरिका का राष्ट्रपति उनका ऑटोग्राफ मांगता है, ऑस्ट्रेलिया का प्रधानमंत्री उन्हें बॉस बोलता है और पापुआ न्यू गिनी का राष्ट्राध्यक्ष उन्हें पैर छूकर प्रणाम करता है।

> **पीएम मोदी की विकास की नीतियों और देश के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए विश्व के 15 देशों और 6 संस्थाओं ने अपने सर्वोच्च सम्मान से उन्हें सम्मानित किया है।**

पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के सभी विभागों ने 140 करोड़ जनता के साथ मिल कर इस जी-20 के आयोजन को अब तक का सबसे सफल और ऐतिहासिक आयोजन बना दिया। पीएम मोदी की अध्यक्षता में यह जी 20 सम्मेलन भारत के 60 शहरों में आयोजित किये गये। इस दौरान 220 से अधिक मीटिंग्स हुई। 112 से अधिक फैसले लिये गये, जो अब तक के किसी भी जी 20 के फैसलों से दुगुना है। पीएम मोदी ने बाहें फैलाकर अफ्रीकन यूनियन को जी 20 के सदस्य के रूप में शामिल कर इतिहास रच दिया। अब दुनिया भारत को ग्लोबल साउथ के लीडर के रूप में देखने लगी है।

मुझे इस बात की खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के बहुमुखी विकास के हम सब साक्षी हैं। यह पीएम विश्वकर्मा योजना पीएम मोदी के अन्य गरीब कल्याण की योजनाओं के तरह ही सफलता की नई कहानी लिखेगी। मैं, प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर ईश्वर से पीएम मोदी की लंबी आयु, स्वस्थ जीवन और अनंत ऊर्जा की कामना करता हूं।


आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**